mediaauditornews@gmail.com mediaauditor Epaperdainikmediaauditor.in mediaauditor वर्ष-04 अंक-217 पृष्ठ-8 मूल्य-3 रूपये

सतना
6 अगस्त 2024 मंगलवार

दैनिक
# मीडियाऑडीटर

सतना, रीवा से एक साथ प्रकाशित



रोहित शर्मा ने ...
@ पेज 7

## संक्षिप्त समाचार

**शेयर बाजार में हाहाकार...**

### सेंसेक्स 800 अंक गिरा, निवेशकों के 4 लाख करोड़ स्वाहा

मुंबई (एजेंसी)। अमेरिका में मंदी की आशंका के चलते हफ्ते के पहले कारोबारी दिन सोमवार 5 अगस्त को सेंसेक्स 2,222 अंकों (2.74 प्रतिशत) की गिरावट के साथ




78,759 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं, निफ्टी में भी 662 अंक (2.68 प्रतिशत) की गिरावट रही। यह 24,055 के स्तर पर बंद हुआ। इस गिरावट से बीएसई लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैप 10.24 लाख करोड़ रुपये घटकर 446.92 लाख करोड़ रुपये रह गया। निफ्टी 10 अपनी 20 दिन के मूविंग एवरेज से नीचे चला गया जो दो महीने से अधिक समय में इसकी एक दिन में सबसे बड़ी गिरावट है।

### चिराग पासवान से सहमत नहीं जीतन राम मांझी

**आरक्षण के मुद्दे पर एनडीए में अलग सुर ने बढ़ाई चिंता**

**पटना (एजेंसी)।** बिहार में गया से सांसद और पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी ने छुआछूत के सवाल को लेकर सोमवार को कहा कि स्वार्थी लोग वैसा कर रहे हैं।भुइयां, डोम जैसी



जातियों का नाम गिनाते हुए पूर्व सीएम मांझी ने सवाल किया कि इनमें कितने आईएएस हैं, कितने चीफ इंजीनियर हैं? बता दें कि आरक्षण के मुद्दे पर जीतन राम मांझी और इससे पहले सामने आए चिराग पासवान के बयान से प्रदेश में एनडीए की चिंता बढ़ सकती है।

### लखनऊ बैड टच का मुख्य आरोपी गिरफ्तार... नाबालिग निकला

**कानपुर में मौसी के घर छिपा था; 52 थानों की पुलिस, 5 आईपीएस तलाश रहे थे**

लखनऊ (एजेंसी)। लखनऊ में बारिश के दौरान युवती से बैड टच का मुख्य आरोपी गिरफ्तार हो गया। आरोपी नाबालिग है। वह 5 दिन से कानपुर में अपनी मौसी के घर छिपा था। उसकी तलाश 5



आईपीएस और लखनऊ के 52 थानों की पुलिस कर रही थी शुरुआती जांच में पता चला कि आरोपी घटना के बाद पुलिस एक्शन का पता चलते ही कानपुर भाग गया था। वह लगातार यहां के अपडेट्स दोस्तों से ले रहा था। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने आरोपी की रिमांड मांगी, लेकिन नाबालिग होने से कोर्ट ने इनकार कर दिया।

**सुप्रीम कोर्ट बोला-**

# कोचिंग संस्थान डेथ चैबर बन चुके हैं

- ये स्टूडेंट्स की जान को खतरे में डाल रहे, केंद्र-दिल्ली सरकार को नोटिस
- हम कोचिंग सेंटर्स की सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली के राउ आईएएस कोचिंग के बेसमेंट में चल रही लाइब्रेरी में पानी भरने से 27 जुलाई को तीन स्टूडेंट्स की मौत हो गई थी। सुप्रीम कोर्ट में सोमवार को जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस उज्वल भुइयां की बेंच ने दिल्ली के कोचिंग सेंटर्स को डेथ चैम्बर बताया।

बेंच ने कहा- हम कोचिंग सेटर्स की सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं। कोचिंग सेंटर्स बच्चों की जिंदगी के साथ खेल रहे हैं। कोर्ट ने केंद्र सरकार और दिल्ली के चीफ सेक्रेटरी को नोटिस जारी कर पूछा कि कोचिंग सेंटर्स में क्या सेफ्टी के नियम लागू किए गए हैं?

कोर्ट ने कहा कि हमारा ये सोचना है कि अगर कोचिंग सेंटर सेफ्टी नॉर्म को पूरा नहीं करते तो इनको ऑनलाइन मोड में पढ़ाई शुरू



कर देनी चाहिए। फिलहाल हम ये नहीं कर रहे हैं। कोर्ट ने केंद्र, दिल्ली सरकार और एमसीडी को नोटिस जारी कर सुरक्षा की जानकारी मांगी है।

अदालत के आदेशों पर अमल नहीं, अफसर जिम्मेदारी एक-दूसरे पर डाल रहे- बेसिक इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट को पूरा करने के लिए सिविल एजेंसियों के पास कोई पैसा नहीं है। दिल्ली में भौतिक बुनियादी ढांचा 75 साल पहले बना था, जो नाकाफी है। इसका रखरखाव भी ठीक से नहीं किया गया। हाल ही में हुए हादसों से पता चलता है कि अदालत के आदेशों का पालन नहीं किया जाता। उनकी उपेक्षा की जाती है।

- सुप्रीम कोर्ट ने ममता सरकार को भेजा नोटिस,कहा

### 77 मुस्लिम जातियों को कैसे दे दिया ओबीसी कोटा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** बंगाल में 77 मुस्लिम जातियों को आरक्षण देने के फैसले पर सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को ममता सरकार को नोटिस जारी किया है। कोर्ट ने कलकत्ता उच्च न्यायालय के फैसले के खिलाफ पश्चिम बंगाल सरकार की याचिका पर ये नोटिस दिया है।

**हाईकोर्ट ने लगाई थी रोक**



हाईकोर्ट ने पश्चिम बंगाल सरकार द्वारा 77 मुस्लिम जातियों को अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के रूप में वर्गीकृत करने को रद्द कर दिया था और 2010 के बाद पश्चिम बंगाल में जारी सभी अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) प्रमाण पत्र रद्द कर दिए थे।

**सरकार से मांगा जवाब**

सुप्रीम कोर्ट ने नोटिस जारी कर ममता सरकार से जवाब मांगा है कि उसने किस आधार पर मुस्लिम जातियों को ये कोटा दिया।

**संसद सत्र का 11वां दिन**

### विपक्ष ने पूछा- सहारा ग्रुप के कितने निवेशकों को पैसा वापस मिला

**वित्त मंत्री बोलीं- कोर्ट में जाकर पूछिए**

नई दिल्ली (एजेंसी)। संसद के मानसून सत्र का सोमवार को 11वां दिन है। लोकसभा में आज प्रश्नकाल के दौरान सीकर (राजस्थान) से सीपीआई (एम) सांसद अमरा राम ने पूछा कि सहारा ग्रुप में निवेश करने वाले कितने लोगों को पैसा वापस किया और कितना किया? इस पर पहले वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने कहा कि अभी तक 138 करोड़ रुपए वापस



किए जा चुके हैं। अमरा राम इस पर संतुष्ट नहीं हुए और दोबारा सवाल किया। इस बार वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण बोलीं- कोर्ट में जाकर पूछिए।

**सूत्रों में दावा- पहले राज्य सभा में पेश होगा वक्फ बोर्ड संसोधन-** वक्फ बोर्ड की पावर्स को सीमित करने के लिए सरकार वक्फ बोर्ड अमेंडमेंट बिल को सबसे पहले राज्य सभा में पेश कर सकती है। सूत्रों के अनुसार, ये कहा जा रहा है कि 12 अगस्त को बजट सत्र खत्म होने से पहले ही संशोधन प्रस्ताव पेश हो सकता है।

### ओलिंपिक- भारतीय महिला टीम टेबल टेनिस के क्वार्टर फाइनल में

**पेरिस (एजेंसी)।** भारतीय महिला टेबल टेनिस टीम पेरिस ओलिंपिक के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई है। टीम इंडिया ने राउंड ऑफ-16 मैच में चौथी सीड रोमानिया को 3-2 से हराया। भारतीय टीम का क्वार्टर फाइनल मैच अमेरिका और जर्मनी की विनर से होगा।



# हिंसा के बाद बांग्लादेश पीएम हसीना का इस्तीफा

**पीएम आवास में घुसे प्रदर्शनकारी,पूरे देश में कर्फ्यू, इंटरनेट बंद, सेना ने संभाली कमान**

**भारत पहुँची,दिल्ली-गाजियाबाद के हिंडन एयरबेस पर लैंड हुआ उनका विमान**

ढाका/नईदिल्ली (एजेंसी)। बांग्लादेश में 2 महीने से चल रहे आरक्षण विरोधी छात्र आंदोलन के बाद प्रधानमंत्री शेख हसीना ने सोमवार, 5 अगस्त को पद से इस्तीफा दे दिया। हिंसक माहौल के चलते शेख हसीना को देश छोड़कर भागना पड़ा।

वे सेना के विमान से रवाना हुई। खबरों के मुताबिक उनकी बहन रेहाना भी साथ हैं। वे बंगाल के रास्ते दिल्ली पहुंच गई हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के



मुताबिक, उनका विमान गाजियाबाद के हिंडन एयरबेस पर उतर गया है। उसके बाद वे लंदन, फिनलैंड या दूसरे देश जा सकती हैं।बांग्लादेश के सेना प्रमुख ने कहा, हम अंतरिम सरकार बनाएंगे, देश को अब हम संभालेंगे। आंदोलन में जिन लोगों की हत्या की गई है, उन्हें इंसाफ दिलाया जाएगा। ढाका में हालात बेकाबू हैं। सेना प्रमुख ने लोगों से शांति बहाली की अपील की है। उन्होंने कहा कि हम हालात काबू में ले आएंगे। भरोसा रखें।

**बांग्लादेश में अब 18 सदस्यीय अंतरिम सरकार प्रस्तावित**

न्यूज मीडिया ने बताया कि आर्मी ने देश की प्रमुख पार्टियों के नेताओं के साथ बैठक की है। 18 सदस्यीय अंतरिम सरकार प्रस्तावित की गई है। सेना इस सरकार को बनाएगी।

सेना प्रमुख ने कहा- पीएम हसीना ने इस्तीफा दिया, अंतरिम सरकार बनेगी

सेना प्रमुख जनरल वकार-उज-जमान ने कहा कि जो हत्या हुई उस पर न्याय होगा। हमने सभी दलों से बात की। हमारे बीच एक अच्छी बातचीत हुई है। उन्होंने बताया कि पीएम शेख हसीना ने इस्तीफा दे दिया है। हम अंतरिम सरकार का गठन करके शासन करेंगे।

**प्रधानमंत्री ऑफिस में हजारों लोग घुसे**

हजारों लोग पीएम ऑफिस में घुस गए हैं। वे यहां हाथ उठाकर जयकार कर रहे हैं। सोशल मीडिया पर इससे जुड़े कई वीडियो वायरल हैं।

# चलती बस में आग, खिड़कियों से कूदे लोग

- बच्चों को भी विंडो से बाहर निकाला, सिलीगुड़ी से पूर्णिया आ रही बस में सवार थे 20 यात्री



**किशनगंज (बिहार) (एजेंसी)।** किशनगंज में सोमवार दोपहर ???सिलीगुड़ी से पूर्णिया जा रही बस में अचानक आग लग गई। बस में करीब 20 यात्री सवार थे। बस जैसे ही खगड़ा ओवरब्रिज पर पहुंची गियर बॉक्स से अचानक धुआं निकलने लगा। धीरे-धीरे बस में आग लगने लगी।यात्रियों ने बताया कि खिड़कियों के कूदकर लोगों ने अपनी जान बचाई। बच्चों को भी खिड़कियों से बाहर निकाला गया। मामला खगड़ा ओवरब्रिज एनएच-27 का है। हादसे में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है।

### ताजमहल में घुसकर महिला ने मुख्य गुबंद पर भगवा लहराया, सावन सोमवार पर गंगा जल चढ़ाया



आगरा (एजेंसी)। आगरा के ताजमहल में सावन के सोमवार पर महिला ने मुख्य गुंबद के ऊपर जल चढ़ाया। उसने भगवा कपड़ा भी लहराया। महिला ने दावा किया कि वह बोतल में गंगाजल लेकर गई थी। सूचना मिलते ही सीआईएसएफ के जवान पहुंचे, उन्हें देखते ही महिला भागने लगी। जवानों ने महिला को दौड़ाकर पकड़ लिया। महिला की पहचान अखिल भारत हिंदू महासभा की आगरा जिलाध्यक्ष मीरा राठौर के रूप में हुई है।

# ऑपरेशन 'दूल्हे राजा' से अरेस्ट हुआ शख्स

- ओडिशा में दो महिलाओं से ठगी करने की आई शिकायत
- पकड़ने के लिए पुलिस ने चलाया ऑपरेशन दूल्हा राजा
- दुबई में बैठे आरोपी को जाल में फंसाकर लाए भारत

**5 पत्नियां, दिल्ली-यूपी समेत 7 राज्यों में 49 महिलाओं से शादी का वादा**

**भुवनेश्वर (एजेंसी)।** ओडिशा के भुवनेश्वर में एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। यहां पुलिस ने एक शातिर ठग सत्यजीत सामल को गिरफ्तार किया है। हालांकि पुलिस ने सत्यजीत सामल को खुद को पुलिस अफसर बताकर दो महिलाओं से ठगी करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया। फरवरी में कैपिटल पुलिस थाने में दो महिलाओं ने यह ठगी की शिकायत दर्ज कराई थी। एक महिला को फंसाकर सत्यजीत ने उससे अपने लिए 8.15 लाख रुपये की कार खरीदी। कारोबार के नाम पर 36 लाख रुपये भी लिए। एक दूसरी महिला को फंसाकर उसने 8.60 लाख रुपये और एक मोटरसाइकिल ऐंठी थी। इस मामले की जांच पुलिस ने की तो जो सामने आया, उससे उनके पांव तले जमीन खिसक गई। सत्यजीत सामल ने 5 शादियां कर रखी थीं। इतना ही नहीं, इन पांच शादियों के अलावा उसने 49 महिलाओं से शादी का वादा कर रखा था और



**चलाया मिशन दूल्हे राजा**

पुलिस ने सत्यजीत सामल पर लगे आरोप का पता लगाने और उसे फंसाने के लिए एक जाल बिछाया। एक खूबसूरत महिला अधिकारी की मदद ली गई। इस ऑपरेशन को 'दूल्हे राजा' नाम दिया गया। महिला पुलिस अधिकारी ने मैट्रिमोनियल साइट पर प्रोफाइल बनाई। सत्यजीत को फंसाया, हालांकि सत्यजीत को लग रहा था कि उससे एक और महिला फंस गई है। दोनों की शादी को लेकर बात हुई। फिर महिला पुलिस ने उसे मिलने बुलाया। जैसे ही सत्यजीत वहां आया आसपास मौजूद पुलिस की टीम ने उसे धर दबोचा।

### सीबीआई की गिरफ्तारी के खिलाफ केजरीवाल की याचिका खारिज



**हाईकोर्ट बोला- ऐसा नहीं लगता उनकी गिरफ्तारी बिना वजह हुई**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली हाईकोर्ट ने सोमवार (5 अगस्त) को अरविंद केजरीवाल की सीबीआईकी गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली याचिका खारिज कर दी। साथ ही जमानत याचिका के लिए निचली अदालत जाने को कहा है।

**म.प्र. में बेतवा-नर्मदा उफनाईं, उ.प्र.में 5 और राजस्थान में 4 की जान गई**

# 12 राज्यों में भारी बारिश का अलर्ट

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** देशभर में बारिश का दौर जारी है। मौसम विभाग ने आज मध्य प्रदेश, राजस्थान सहित 12 राज्यों में बहुत भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। एमपी के विदिशा में बेतवा नदी का पानी पुल से ऊपर बह रहा है। नर्मदापुरम् में नर्मदा खतरे के निशान के करीब है।

**यूपी में बारिश से 6 जिले बाढ़ में डूबे** -उत्तर प्रदेश में बारिश से 6 जिले बाढ़ में डूबे हुए हैं। बारिश से जुड़ी घटनाओं में 5 की मौत हो गई। बाढ़ से घिरे जिलों में बलिया, लखीमपुर खीरी, फर्रुखाबाद, सीतापुर, बिजनौर और बाराबंकी शामिल हैं।

बदायूं में कछला ब्रिज पर गंगा नदी खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। ललितपुर में 6 बांधों के गेट खोले गए।



- **महाराष्ट्र के पुणे में हालात खराब, मिजोरम में हफ्ते भर बारिश का अलर्ट-** बीते दो दिन से पुणे जिले में भारी बारिश हो रही है। इसके कारण खड़कवासला, मुलशी, पवना और दूसरे बांध ओवरफ्लो हैं। खडकवासला बांध से 35 हजार क्यूसेक (क्यूबिक पर सेकंड) पानी छोड़ा गया।
- **23 राज्यों में आज जारी रहेगा बारिश का दौर-** आईएमडी ने आज राजस्थान, मध्य प्रदेश, गुजरात, गोवा, महाराष्ट्र, असम, मेघालय, नगालैंड, मणिपुर, मिजोरम, त्रिपुरा, सिक्किम, जम्मू-कश्मीर, उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, छत्तीसगढ़, अरुणाचल प्रदेश, केरल, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, कर्नाटक, तमिलनाडु में भारी बारिश होने की संभावना जताई है।

## संक्षिप्त समाचार

### 31 अगस्त तक राशन प्राप्त न करने पर अस्थाई रूप से पोर्टल से नाम हटा दिया जाएगा

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** जिला आपूर्ति नियंत्रक सुश्री मीना मालाकार ने बताया कि भोपाल जिले में हृस्त्रद्ब अंतर्गत सम्मिलित पात्र परिवारों में से विगत 06 माह से निरंतर राशन प्राप्त न करने वाले 5201 हितग्राहियों की सूची प्राप्त हुई है। जिन परिवारों द्वारा विगत 06 माह से राशन प्राप्त नहीं किया गया है, उक्त परिवारों की नामवार सूची संबंधित दुकानों पर सहज रूप से दिखाई देने वाले स्थान पर चस्पा कराई गई है एवं साथ ही उचित मूल्य दुकान के विक्रेता द्वारा राशन प्राप्त करने के लिए संबंधित हितग्राहियों को सूचित किया जा रहा है। सुश्री मालाकार ने बताया कि विगत 06 माह से राशन प्राप्त न करने वाले हितग्राहियों से अपील की है कि वे उचित मूल्य दुकान से राशन सामग्री प्राप्त कर लें। 31 अगस्त 2024 तक राशन प्राप्त न करने पर आगामी माह से अस्थाई रूप से पोर्टल से नाम हटा दिया जायेगा।

### जर्जर भवन, शासकीय इमारतों की करें जांच, अब न हो ऐसा हादसा ~ मंत्री श्री राजपूत

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** सागर जिले के शाहपुर में दीवार गिरने से 9 बच्चों की मौत तथा 2 बच्चे घायल हो गए। घटना की जानकारी मिलते ही खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री श्री गोविंद सिंह राजपूत जिला अस्पताल पहुंचे। उन्होंने घायल बच्चों तथा उनके परिजन से मुलाकात कर चिकित्सकों को बेहतर से बेहतर इलाज करने निर्देश दिए । इस दौरान सागर विधायक शैलेंद्र जैन और अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। जिला अस्पताल में घायलों से मुलाकात के उपरांत खाद्य मंत्री श्री राजपूत शाहपुर पहुंचे जहां घटना स्थल तथा मृतक बच्चों के परिजन से मुलाकात कर शोक संवेदनाएं व्यक्त कर परिजन को ढाढस बधाया। मंत्री श्री राजपूत ने कहा कि यह बड़ी दु:खद और हृदय विदारक घटना है। हम सब दु:खी परिवार के साथ हैं। मंत्री श्री राजपूत ने कहा मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा घटना में जिन बच्चों की दुखद मृत्यु हुई है उनके परिजन को 4- 4 लाख रुपये तथा घायलों को 1-1 लाख की सहायता राशि स्वीकृत की है । मंत्री श्री राजपूत ने कलेक्टर श्री दीपक आर्य को निर्देश दिये कि इस तरह की घटना दोबारा न हो। इसके लिए ऐसे जर्जर मकान, सरकारी इमारत की जांच करें तथा चिन्हित करें। साथ ही ऐसे स्थान पर कोई भी कार्यक्रम न किया जाए। श्री राजपूत ने कहा कि जो भी मकान, शासकीय इमारत आदि जर्जर अवस्था में है, उनके आसपास लोग नहीं जाएं, इसके लिए दिशा निर्देश जारी करें। मंत्री श्री राजपूत ने आम जनों से भी अपील की है कि बरसात को देखते हुए सुरक्षित स्थानों पर धार्मिक या अन्य आयोजन करें। किसी भी कच्ची इमारत, जर्जर भवन के आसपास कोई भी आयोजन न करें, जिससे इस तरह के हादसों से बचा जा सके।

### शाहपुर में दीवार गिरने की दुखद घटना के बाद प्रभारी सीएमओ और उपयंत्री निलम्बित

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** सागर जिले के शाहपुर नगर परिषद में रविवार को सुबह हुई दीवार गिरने की दुखद घटना के बाद नगरीय प्रशासन एवं विकास आयुक्त श्री भरत यादव ने सख्त कार्रवाई की है। उन्होंने शाहपुर नगर परिषद के प्रभारी सीएमओ धनंजय गुमास्ता और उपयंत्री वीर विक्रम सिंह को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। घटना की सूचना मिलते ही नगरीय प्रशासन आयुक्त श्री यादव ने जिला प्रशासन से घटना की जानकारी ली और उन्होंने तत्परता के साथ राहत कार्य चलाये जाने और पीड़ितों को तत्काल उपचार सुविधा उपलब्ध कराये जाने के निर्देश दिये।

### पर्यावरण, पौध-रोपण एवं जल संचयन पर एम पी ट्रांसको में हुआ बेवीनार

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर के निर्देश पर मध्य प्रदेश की बिजली कंपनियों में पौध-रोपण मुहिम के तहत म.प्र.पॉ.ट्रांस.कं. के सभी ट्रांसमिशन लाइन मेंटेनेंस (टी एल एम), 416 अति उच्च दाब उपकेंद्रों एवं एम पी ट्रांसको के प्रदेश के सभी कार्यालयों में पौधारोपण का कार्य किया जाना है द्ब इसी कार्य को गति देने के लिए मध्य प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी में पर्यावरण, वृक्षारोपण, जल संचयन विषय पर कार्यशाला का बेवीनार के माध्यम से आयोजन हुआ। इस कार्यशाला को प्रसिद्ध पर्यावरण विद् डॉ. स्वाति संवत्सर ने संबोधित किया और विभिन्न स्लाइड व उदाहरणों के माध्यम से वृक्षारोपण,पर्यावरण तथा जल संचयन की उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए इनके संरक्षण और आवश्यकता पर बल दिया। प्रदेश स्तरीय इस बेवीनार में मध्य प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी के प्रबंध संचालक इंजीनियर सुनील तिवारी, सभी विभाग प्रमुख सहित एम पी ट्रांसको के तकरीबन 370 अभियंताओं ने ऑनलाइन भागीदारी की।

# कलेक्टर की अध्यक्षता में टीएल बैठक संपन्न



**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** कलेक्टर श्री कौशलेंद्र विक्रम सिंह की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में टीएल बैठक आयोजित की गई। बैठक में सीएम हेल्पलाइन एवं एकीकृत पत्र समीक्षा, जनशिकायत निवारण प्रणाली अंतर्गत समय-सीमा प्रकरण की विभाग एवं अनुभाग वार समीक्षा की गई और आवश्यक निर्देश दिए गए। बैठक में बैरसिया अनुभाग की समीक्षा के दौरान बैरसिया एसडीएम को प्रति मंगलवार को समस्त प्रमुख अधिकारियों की उपस्थिति में जनसुनवाई करने के निर्देश दिए गए। राजस्व महाअभियान 2.0 की समीक्षा में श्री सिंह ने अभियान की गति बढ़ाने के लिए सभी एसडीएम से समस्याओं के बारे में पूछा और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बटवारा, सीमांकन, नक्शा तरमीम के अधिक मामलों का निराकरण करने और अधिक से अधिक ई-केवाईसी करने के निर्देश दिए गए। जिला शिक्षा अधिकारी से सभी स्कूल भवनों के सर्वे की जानकारी ली गई। मरम्मत योग्य और जर्जर स्कूलों की जानकारी क्षेत्रीय एसडीएम से साझा कर त्वरित कार्यवाई के निर्देश दिए गए। जहां शिफ्टिंग की आवश्यकता है, वहां बच्चों की वैकल्पिक व्यवस्था कर शिक्षण कार्य जारी रखने के निर्देश दिए गए। सभी एसडीएम को फील्ड में अधिक रहने और कलेक्टर के प्रतिनिधि के रूप में कार्य करने के निर्देश दिए गए ताकि क्षेत्र की समस्याओं का शीघ्र निराकरण हो सके। सामूहिक कार्यक्रमों पर नजर रखने और आवश्यक सुरक्षा उपाय अपनाने के भी निर्देश दिए गए ताकि किसी भी प्रकार की जनहानि न हों। ग्रामीण क्षेत्रों में आरईएस के इंजीनियर और नगरीय क्षेत्रों में नगर निगम के इंजीनियरों को समस्त शासकीय/अशासकीय भवनों का सर्वेक्षण कर जर्जर भवनों का चिन्हांकन कर कार्यवाई करने के निर्देश दिए गए। नगर निगम, पीडब्ल्यूडी और आरईएस को मिलकर कार्य करने के निर्देश भी दिए गए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्री ऋतुराज सिंह, एडीएम श्री हिमांशु चंद्र, श्री हर्षल पंचोली, श्री भूपेन्द्र गोयल, श्री अंकुर मेश्राम, सभी अनुभागों के एसडीएम एवं सभी विभागों के अधिकारीगण उपस्थित थे।

## जिला प्रोत्साहन योजना में 14 जिलों में 124 कार्यों के लिये करीब 79 करोड़ रूपये की प्रशासकीय मंजूरी जारी

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** राज्य सरकार के लोक परिसम्पति प्रबंधन विभाग के अधीन नवीन योजना %लोक परिसम्पत्ति प्रबंधन जिला प्रोत्साहन% योजना में जिले की आधारभूत संरचनाओं को और अधिक बेहतर और सुदृढ़ करने के लिये आवश्यकता एवं प्रस्ताव अनुसार धनराशि आवंटित की जाती है। लोक परिसम्पतियों का सुचारू प्रबंधन करने के लिये विभाग द्वारा गत वित्त वर्ष 2023-24 में निर्वर्तित परिसम्पत्ति से 14 जिलों को पात्रतानुसार वांछित धनराशि जारी की गई है। योजना में विभाग द्वारा 14 जिलों से प्राप्त प्रस्ताव के अनुसार 124 कार्यों की पूर्णता के लिये कुल 78 करोड़ 96 लाख 46 हजार रूपये की प्रशासकीय स्वीकृति जारी की गई है। योजना क्रियान्वयन (कार्य पूर्णता) के लिये विभाग द्वारा गुना जिले में 14 कार्यों के लिये 89 लाख 81 हजार रूपये, जबलपुर में 31 कार्यों के लिये 8 करोड़ 77 लाख 93 हजार रूपये, दमोह में एक कार्य के लिये 31 लाख 74 हजार रूपये, कटनी में सात कार्यों के लिये 27 लाख 82 हजार रूपये, ग्वालियर में 6 कार्यों के लिये 3 करोड़ 87 लाख 51 हजार रूपये, इंदौर में 4 कार्यों के लिये 19 करोड़ 33 लाख 51 हजार रूपये एवं छिंदवाड़ा जिले में 22 कार्यों के लिये एक करोड़ 83 लाख 75 हजार रूपये, की प्रशासकीय स्वीकृति दी गई है। इसी प्रकार सागर जिले में 4 कार्यों के लिये 13 करोड़ 48 लाख 23 हजार रूपये, भोपाल में 6 कार्यों के लिये 20 करोड़ 19 लाख 44 हजार रूपये, धार में 3 कार्यों के लिये 3 करोड़ 8 लाख 75 हजार रूपये, खरगोन में 17 कार्यों के लिये 5 करोड़ 5 लाख 28 हजार रूपये, सतना में 7 कार्यों के लिये एक करोड़ 6 लाख 25 हजार रूपये, नर्मदापुरम में एक कार्य के लिये 30 लाख 9 हजार रूपये तथा आगर-मालवा जिले में एक कार्य के 46 लाख 35 हजार रूपये की प्रशासकीय स्वीकृति विभाग द्वारा जारी की गई है। वर्तमान वित्त वर्ष 2024-25 में इस नवीन योजना में विगत वित्त वर्ष में मंजूर किये गये तथा प्रशासकीय स्वीकृति भी जारी होने वाले निर्माण कार्यों में काम प्रारंभ हो गया है।

## उद्योगों का विस्तार कर युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराएँ -ऊर्जा मंत्री श्री तोमर

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने ग्वालियर अंचल के औद्योगिक इकाईयों का आह्वान किया है कि वे उद्योगों का विस्तार करें एवं युवाओं को रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराएं। उन्होंने कहा कि बिजली की आपूर्ति औद्योगिक क्षेत्र को निर्बाध रूप से की जायेगी। इसके लिये सभी व्यवस्थायें बनाई जा रही हैं। श्री तोमर रविवार को मध्यप्रदेश चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इंडस्ट्रीज ग्वालियर के सभागार में औद्योगिक निर्बाध विद्युत प्रदाय सेमीनार में उपभोक्ताओं के प्रतिनिधियों को संबोधित कर रहे थे। ऊर्जा मंत्री ने कहा कि बामोर, सीतापुर, मुरैना, ग्वालियर, मालनपुर की औद्योगिक इकाईयों की शिकायतों के निराकरण के लिये बिजली अधिकारी एक सप्ताह के अंदर मौके का मुआयना करेंगे और उनकी शिकायतों के निराकरण के लिये सभी जरूरी प्रयास करेंगे। उन्होंने आश्वस्त किया कि अगले माह में चेम्बर के साथ पुन~ बैठक आयोजित की जायेगी। ग्वालियर में 28 अगस्त को प्रस्तावित इंडस्ट्रीज कॉन्क्लेव की बैठक से पूर्व वे पूरे ग्वालियर अंचल के औद्योगिक प्रतिनिधियों के साथ बैठक करेंगे। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध संचालक श्री क्षितिज सिंघल ने बैठक में जानकारी दी कि बामोर, मालनपुर आदि औद्योगिक विकास केन्द्रों के लिये एक अतिरिक्त गाड़ी और स्टाफ स्वीकृत किया जा रहा है। इससे लाइनों के मेंटेनेंस और उपभोक्ताओं की शिकायतों के निराकरण का रिस्पांस टाईम कम होगा। उन्होंने कहा कि औद्योगिक उपभोक्ताओं के वॉट्सएप ग्रुप में बिजली अधिकारी आवश्यक रूप से शामिल होंगे और ग्रुप में औद्योगिक उपभोक्ताओं की शिकायतों का निराकरण सुनिश्चित करेंगे। कार्यक्रम के प्रारंभ में चेम्बर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष श्री प्रवीण अग्रवाल ने औद्योगिक क्षेत्रों में विद्युत समस्या के संबंध में विस्तार से अपनी बात कही। उन्होंने कहा कि औद्योगिक विकास के लिये उद्योगों को निर्बाध विद्युत मिले, यह बहुत ही आवश्यक है। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न औद्योगिक क्षेत्र के प्रतिनिधियों ने अपने-अपने क्षेत्र की समस्याओं के बारे में ऊर्जा मंत्री एवं अधिकारियों को अवगत कराया। इस अवसर पर मुख्य महाप्रबंधक ग्वालियर क्षेत्र श्री राजीव गुप्ता के साथ ही विद्युत अधिकारी और बड़ी संख्या में औद्योगिक क्षेत्र के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# खंडवा के विकास में कोई कमी नहीं रखी जायेगी



**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा है कि खंडवा के समग्र विकास के लिये कोई कमी नहीं रखी जायेगी। उन्होंने जनप्रतिनिधियों से विकास कार्यों एवं योजनाओं पर सतत निगरानी रखे जाने के लिये भी कहा। नगरीय विकास मंत्री श्री विजयवर्गीय रविवार को खंडवा में स्विमिंग पूल के लोकार्पण कार्यक्रम के समारोह को संबोधित कर रहे थे। मंत्री श्री विजयवर्गीय ने कहा कि खंडवा शहर में बायपास एवं रिंग रोड के लिये कार्ययोजना तैयार की जाये। इस पर प्राथमिकता के साथ राज्य सरकार से मंजूरी दिलाई जायेगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का सपना है कि वर्ष 2047 तक जब देश स्वंतत्रता के 100 वर्ष पूर्ण करेगा तब भारत दुनिया का शक्तिशाली राष्ट्र होना चाहिए, इसके लिये काम प्रारंभ कर दिया गया है। मंत्री श्री विजयवर्गीय ने कहा कि प्रदेश में प्रत्येक गरीब परिवार का स्वयं का आवास हो इसके लिये तेजी से प्रयास किये जा रहे है। खंडवा नगर निगम महापौर श्रीमती अमृता यादव ने कहा कि शहर में जल संकट को दूर करने के लिये 137 करोड़ रूपये की योजना पर कार्य किया जा रहा है। कार्यक्रम में बताया गया कि स्विमिंग पूल का निर्माण 7 करोड़ रूपये की लागत से किया गया है। पूर्व भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी श्री कविन्द्र कियावत ने बताया कि स्विमिंग पूल का निर्माण जनभागीदारी से किया गया है। नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री विजयवर्गीय ने खंडवा के गौरव दिवस समारोह को भी संबोधित किया। उन्होंने कहा कि महान पाश्र्व गायक स्व. किशोर कुमार ने संगीत के क्षेत्र में अपने श्रेष्ठ गायन से अपना नाम स्वर्ण अक्षरों में लिखा है। उनकी जयंती को खंडवा में गौरव दिवस के रूप में मनाया जाता है। उन्होंने युवाओं आग्रह किया कि वे अपनी प्रतिभा को निखारे और खंडवा के नाम को देश दुनिया में गौरवन्वित करे। कार्यक्रम को सांसद श्री ज्ञानेश्वर पाटिल, महापौर श्रीमती अमृता यादव एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने संबोधित किया। इस मौके पर लोक नृत्य के साथ विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किये गये। इस मौके पर निकाली गई गौरव यात्रा शहर के मुख्य मार्गों से निकाली गई।

## प्रदेश में 6.53 लाख से अधिक महिलाओं को निश्शुल्क ड्रायविंग लाइसेंस

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** प्रदेश में महिलाओं को आत्म सम्मान के साथ रोजगार के साधन दिलाने के उद्देश्य से परिवहन विभाग द्वारा महिलाओं के लिये नि~शुल्क ड्रायविंग लाइसेंस की योजना चालाई जा रही है। योजना के माध्यम से अब तक 6 लाख 53 हजार से अधिक महिलाओं को नि~शुल्क ड्रायविंग लाइसेंस जारी किये गये है। विभाग द्वारा 7 लाख 52 हजार 600 से अधिक लर्निंग लायसेंस जारी किये गये है। महिलाएँ सुरक्षित रूप से सार्वजनिक सेवा की बसों में यात्रा कर सके। इसके लिये बसों में हेल्प लाइन नंबर 1091 अंकित कराया गया है। परिवहन विभाग द्वारा महिलाओं को रोजगार दिलाये जाने के उद्देश्य से चालक-परिचालक का नि~शुल्क प्रशिक्षण दिलाया जा रहा है। प्रदेश के 8 जिलों इंदौर, सागर, ग्वालियर, जबलपुर, झाबुआ, खंडवा, उज्जैन और धार में करीब 730 महिलाओं और युवतियों को हल्के मोटर यान (लाइट मोटर व्हीकल) चालन का प्रशिक्षण दिलाया गया है। इसके बाद उन्हें ड्रायविंग लायसेंस जारी किये गये है। निर्भया फंड की मदद से प्रदेश में परिवहन विभाग द्वारा सार्वजनिक वाहन में महिलाओं और युवतियों के सुरक्षित परिवहन के लिये पैनिक बटन सहित लोकेशन ट्रेकिंग डिवाइस प्रणाली मापदण्ड अनुसार लगाई जा रही है। अब तक लगभग 46 हजार 500 उपकरण वाहनों में लगाये जा चुके है। यह उपकरण महिलाओं की सुरक्षा की दृष्टि से उपयोगी है। कमांड एण्ड कन्ट्रोल सेंटर का निर्माण प्रदेश की राजधानी भोपाल में हो चुका है। परिवहन विभाग द्वारा फेसलेस सेवाओं के माध्यम से लायसेंस जारी किये जा रहे है। श्व-चढ्ढष्ट द्वारा लर्नर लाइसेंस प्राप्त करने के लिये किसी भी महिला को परिवहन कार्यालय आने की आवश्यकता नहीं होती है।

# आरडीएसएस योजना का लाभ आम उपभोक्ताओं को जल्द मिले-ऊर्जा मंत्री तोमर



**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने कहा कि आबादी को 24 घंटे और किसानों को 10 घंटे विद्युत आपूर्ति करना राज्य शासन का संकल्प है। इस संकल्प की पूर्ति के लिये रिवेम्प्ट डिस्ट्रीब्यूशन सिस्टम स्कीम (आरडीएसएस) और एसएसटीडी योजना के अंतर्गत 33/11 केव्ही उपकेन्द्र, 33 केव्ही लाईन, 11 केव्ही लाईन के स्वीकृत विस्तार कार्य ग्वालियर एवं चंबल संभाग में समय-सीमा में पूरे होने चाहिए। आरडीएसएस योजना के कामों का लाभ जनता को मिल सके, इसके लिये रणनीति बनाकर कार्य करें और योजना समय-सीमा में पूरी करें। उन्होंने कहा कि घोषित अवधि में गुणवत्तापूर्ण एवं निर्बाध बिजली आपूर्ति सभी श्रेणी के उपभोक्ताओं को मिलना चाहिए। श्री तोमर सोमवार को ट्रिपल आईटीएम के सभागार ग्वालियर में ग्वालियर एवं चंबल संभाग के विद्युत अधिकारियों की बैठक को संबोधित कर रहे थे। प्रभावी ढंग से किया जाए ताकि ट्रिपिंग कम से कम हो और फॉल्ट की गुंजाइश न रहे। उन्होंने ग्वालियर शहर में निर्माणाधीन 132 केव्ही विद्युत उपकेन्द्र की समीक्षा की और आशा व्यक्त की कि इस उपकेन्द्र का काम जल्द ही पूर्ण कर लिया जायेगा। उन्होंने उद्योगो को निर्बाध एवं गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिये कहा। प्रधानमंत्री जनजातीय नागरिक महाअभियान (पीएम-जनमन) के प्रथम चरण के काम पूरा होने पर संतोष व्यक्त किया और द्वितीय चरण की प्रगति की समीक्षा की। ऊर्जा मंत्री ने कहा कि अच्छे कार्य करने वाले अधिकारियों-कर्मचारियों को प्रोत्साहित किया जाए तथा कार्य में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों को समुचित दण्ड दिया जाए। उन्होंने जनता से संवाद बनाए रखने के लिये ग्रामीण क्षेत्र में चौपाल लगाने और शहरी क्षेत्र में जन संवाद कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए। अपर मुख्य सचिव ऊर्जा श्री मनु श्रीवास्तव ने नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा विभाग की कुसुम योजना से कृषि क्षेत्र के पम्प उपभोक्ताओं को लाभान्वित करने की पहल करने के निर्देश दिए।

# माँ और बच्चे के स्वास्थ्य के लिये स्तनपान आवश्यक- महिला बाल विकास मंत्री भूरिया



**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** महिला बाल विकास मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया ने कहा कि माँ और बच्चे के स्वास्थ्य के लिए स्तपनपान अत्यंत आवश्यक है। हर वर्ष 1 से 7 अगस्त तक विश्व स्तनपान सप्ताह का उद्देश्य स्तनपान से होने वाले बड़े लाभों को उजागर करना है, जो शिशुओं के स्वास्थ्य और कल्याण के लिए लाभदायक हो सकते है, साथ ही मातृ स्वास्थ्य के लिए व्यापक प्रयास करना है। साथ ही इस सप्ताह को मनाने का यह भी उद्देश्य है कि महिलाएँ स्तनपान के महत्व को जाने और अपने बच्चे को प्रसव के एक घंटे के अन्दर स्तनपान जरूर कराएं। सुश्री भूरिया विश्व स्तनपान सप्ताह पर झाबुआ के जिला अस्पताल के पीएनसी वार्ड और पोस्ट ऑपरेटिव वार्ड में नवजात एवं माताओं से बात कर स्तनपान के महत्व की समझाइश दी। उन्होंने कहा कि स्तनपान से माँ और बच्चे के स्वास्थ्य के साथ-साथ शिशु कल्याण के लिए होने वाले लाभों के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। इस वर्ष का विषय अंतर को पाटना ~ सभी के लिए स्तनपान समर्थन% है। मंत्री सुश्री भूरिया द्वारा महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से नवजात बालको की माताओं चाइल्ड केयर किट प्रदान की गयी साथ ही माताओं को संस्थागत प्रसव उपरांत अपने शिशु को पहले 1 घंटे के भीतर स्तनपान की शुरुआत करने पर प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। मंत्री सुश्री भूरिया ने कहा कि माँ अपने शिशु को 6 माह तक केवल माँ का दूध पिलाए। उन्होंने माताओं को इसके लिए जागरूकता फैलाने की बात कही। साथ ही माताओं से स्वास्थ्य सम्बन्धी परेशानियों को नजरअंदाज ना करने हेतु समझाइश देते हुए, अपने और शिशु के कल्याण की ओर ध्यान देने की बात कही।

# सीसी सड़क पहली बारिश में उखड़ी

## सिद्धनाथ आश्रम पहुंच मार्ग क्षतिग्रस्त, सांसद वीडी शर्मा ने लिखा जांच के लिए पत्र





**मीडिया ऑडीटर, पन्ना निप्र।** जिले में शनिवार की रात से शुरू हुई भारी बारिश सोमवार की सुबह थम गई है। जिससे उफान पर चल रहे जिले के नदी नाले कुछ उतार पर आ गए हैं।

इस बीच जिले के रामवन पथ गमन के प्रसिद्ध स्थल सिद्धनाथ आश्रम तक के लिए बनाई गई सीसी सड़क पहली बारिश में उखड़ गई। जिसके बाद मामले जैसे तूल पकड़ा तो सांसद वीडी शर्मा ने निर्माण एजेंसी की जांच के पत्र जारी कर दिया।

दरअसल पन्ना जिले में भारी बारिश के चलते सिद्धनाथ आश्रम का पहुंचमार्ग और ककरा गांव की सड़क उखड़ने का मामला सामने आया है। जिसके बाद खजुराहो लोकसभा क्षेत्र के सांसद वीडी शर्मा और भाजपा प्रदेशाध्यक्ष वीडी शर्मा ने पन्ना कलेक्टर को अपनी तरफ पत्र जारी किया है।

इसमें उन्होंने उल्लेख किया कि सोशल और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में प्रकाशित समाचारों से मेरे संज्ञान में आया है कि अभी हाल ही में निर्मित सिद्धनाथ मार्ग पहली बरसात में ही क्षतिग्रस्त हो चुका है।उक्त मार्ग निर्माण कार्य में निचले स्तर (मिट्टी और जीएसबी) का कार्य ग्रामीण यांत्रिकी सेवा ने कराया था। मार्ग में सीसी रोड का कार्य पर्यटन विभाग द्वारा गया है।

लेकिन उक्त मार्ग पहली बरसात में ही क्षतिग्रस्त हो गया। जिससे स्पष्ट होता है कि मार्ग का निर्माण कार्य गुणवत्ता विहीन रहा है, जो अत्यंत खेदजनक हैं। आपसे अपेक्षा रहेगी कि उक्त मार्ग निर्माण की शीघ्र ही उच्च स्तरीय जांच कराकर वस्तुस्थिति स्पष्ट की जाए।

यह लापरवाही किस स्तर पर किसके द्वारा की गई है। जिससे मार्ग क्षतिग्रस्त हो चुका है। ऐसे दोषी के खिलाफ राशि वसूली के साथ-साथ निर्माण एजेंसी और संबंधित विभाग के विरुद्ध कठोरतम कार्रवाई भी प्रस्तावित की जाए।

## संस्कारवान राष्ट्रभक्त नागरिक बनना ही सच्ची स्काउटिंग है: पुष्पराज सिंह

### भारत स्काउट एवं गाइड का सप्त दिवसीय शिविर का भव्य शुभारंभ



**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** भारत स्काउट एवं गाइड का सप्त दिवसीय शिक्षकों का ट्रेनिंग शिविर स्थानीय रमा बल्देव पैलेस में संचालित है। शिविर के उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग संघ संचालक वरिष्ठ समाजसेवी पुष्पराज सिंह परिहार रहें। वही अध्यक्षता भारत स्काउट गाइड के जिला अध्यक्ष सुरेंद्र मणि दुबे ने की। विशिष्ट रूप से शिविर संचालक डॉक्टर यश एन पांडे शहडोल, डॉक्टर शास्त्री प्रसाद मिश्रा, उपाध्यक्ष राम सिंह, सचिव हरिशंकर पांडे उपस्थित रहे।

उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए आरएसएस के विभाग संघचालक पुष्पराज सिंह परिहार ने कहा कि इस स्काउटिंग सच्चे अर्थों में संस्कारवान, अनुशासनशील, राष्ट्रभक्त नागरिक तैयार करना प्रमुख लक्ष्य है। विद्यार्थियों में बाल्य काल से ही राष्ट्रभक्ति, सामूहिक जीवन और पढ़ाई के साथ.साथ अन्य गतिविधियों का ठीक ढंग से संचालन ही स्काउटिंग है। देश के प्रति अपने दायित्व एवं कर्तव्यों का सच्ची निष्ठा से निर्वहन ही राष्ट्रभक्ति है। इसका स्काउटिंग से छात्र एवं छात्राएं राष्ट्रीय बोध से परिचित होते हैं।

चतुर्थ दिवस के उद्घाटन अवसर पर एकलव्य विद्यालय के संचालक ज्ञानेंद्र सिंह चौहान ने कहा कि एक आदर्श प्रशिक्षु बनकर स्काउटिंग की बारीकियां को सीखें। जिससे अपने.अपने विद्यालयों में जाकर एक आदर्श दल गठित कर, स्काउटिंग को प्रभावशाली ढंग से संचालित कर सके। भारत स्काउट एवं गाइड के जिला अध्यक्ष सुरेंद्र मणि दुबे ने शिविरार्थियी को संबोधित करते हुए कहा कि इस स्काउटिंग के माध्यम से हमारी वैश्विक पहचान बनती है। स्काउटिंग मानवीय गुणो का विकास कर, सामाजिक एवं राष्ट्रीय दायित्व के निर्वहन के लिए तैयार करती है। हम सभी को स्काउटिंग के लिए प्रतिबद्ध होकर स्वयं प्रशिक्षण प्राप्त करते हुए आगे चलकर छात्र एवं छात्राओं को प्रशिक्षित करें।हर विद्यालय में स्काउटिंग अनिवार्य पहलू है।

## समय सीमा बैठक सम्पन्न

### शिकायतों को संतुष्टि के साथ निराकृत करायें: कलेक्टर

**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों के निराकरण की समीक्षा करते हुए कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी ने शिकायतों को प्राथमिकता पर संतुष्टि के साथ निराकृत करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने कहा कि सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों की नियमित समीक्षा करें। शिकायतकर्ता से संपर्क कर शिकायत की वास्तविक स्थिति के आधार पर गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करायें। कोई भी शिकायत अन-अटेंडेड नहीं रहनी चाहिए तथा निम्न गुणवत्ता से बंद शिकायतों की संख्या न्यून होनी चाहिए। कलेक्टर ने कहा कि विभाग प्रमुख शिकायतों की स्वयं निगरानी रखें तथा शिकायतों की संख्या के आधार पर आवश्यक क्रियात्मक सुधार करें जिससे शिकायतों की संख्या में कमी आए।

लोक सेवा गारंटी अधिनियम अंतर्गत प्राप्त आवेदनों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने आवेदनों को समय-सीमा में निराकृत करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही समय सीमा बध्य प्रकरणों में संबंधित अधिकारियों पर जुर्माना अधिरोपित करने के निर्देश दिए गए हैं। कलेक्टर ने समय-सीमा पत्रों पर निर्धारित समयावधि में समस्त कार्यवाहियां पूर्ण कर विलोपित कराने के निर्देश दिए हैं।

कलेक्टर ने राजस्व महाअभियान के प्रभावी क्रियान्वयन के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने कहा कि सभी उपखण्ड अधिकारी अभियान की नियमित समीक्षा करेंगे तथा अभियान के दौरान अधिकतम प्रकरणों का निराकरण करना सुनिश्चित करेंगे। पीएम जनमन अभियान की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने बैगा जनजाति के हितग्राहियों को पात्रतानुसार सभी योजनओं से लाभान्वित करने के निर्देश दिए हैं। उनके जाति प्रमाण-पत्र, आयुष्मान कार्ड, आधार कार्ड, किसान क्रेडिट कार्ड बनाने तथा बैंक खाते प्राथमिकता पर खोलने के निर्देश दिए गए हैं। कलेक्टर ने सहायक आयुक्त को संबंधित विभागों से समन्वय कर लक्ष्य की प्राप्ति के निर्देश दिए हैं।

बैठक में कलेक्टर ने हाथ से मैला उठाने वाले कर्मियों के नियोजन का प्रतिषेध और उनका पुनर्वास अधिनियम 2013 के क्रियान्वयन की समीक्षा की। उन्होंने सभी मुख्य नगर पालिका अधिकारियों तथा सीईओ जनपद को सर्वे कार्य पूर्ण कर अधिनियम के प्रावधानों का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। रीवा-सीधी रेलवे लाइन के प्रगति की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने रेलवे तथा राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया है कि संयुक्त रूप से पूरी परियोजना का भौतिक निरीक्षण कर आ रही कठिनाइयों को चिन्हांकित करें तथा उनका निराकरण सुनिश्चित करायें।

## अनूपपुर में 4 बैगा आदिवासियों की मौत का मामला

# सालारगोंडी सरपंच का आरोप उल्टी दस्त से हुई मौत, बीएमओ बोले- अन्य बीमारियों से गई जान



**मीडिया ऑडीटर, अनूपपुर निप्र।** अनूपपुर जिले के जनपद पंचायत पुष्पराजगढ़ के सालारगोंडी में बैगा जाति के एक ही परिवार के 4 लोग की मौत हो गई थी। इस मामले में ग्राम सरपंच ने इन सभी की मौत डायरिया से होना बताया है। वहीं बीएमओ ने डायरिया से मौत होने वाली का बात को अफवाह बताया है।

जानकारी के अनुसार माखन बैगा उम्र 56 वर्ष, झिखिया बाई उम्र 75 वर्ष, लीलाबत्ती उम्र 20 वर्ष की मौत हो गई हैं। लीलावती के पेट में 8 माह का बच्चा भी पल रहा था, उसकी भी मौत हो गई हैं। वही उल्टी दस्त से दो अन्य जेठू बैगा ,उम्र 65 ,अनुज बैगा 1.5 साल की हालत गंभीर होने पर शहडोल मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया हैं।

**सरपंच का आरोप डायरिया से गई जान:** इस मामले में सालारगोंडी के सरपंच विक्रम प्रसाद ने बताया कि उल्टी-दस्त की शिकायत पर बैगा परिवार के चार सदस्य की मौत हुई है। करपा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज की उचित व्यवस्था नहीं है, वहां डॉक्टर नहीं है। डॉक्टर के अभाव में ही उनकी मृत्यु हुई है। इसके साथ ही नल-जल की भी व्यवस्था नहीं है। ग्रामीणों को शुद्ध पीने का पानी नहीं मिल रहा है।

**बीएमओ बोले-अन्य बीमारियों से हुई मौत:** इस पूरे मामले पर पुष्पराजगढ़ बीएमओ सुरेंद्र सिंह ने बताया कि माखन बैगा, टीवी और अन्य बीमारी से 5 से 6 माह से बीमार था। 31 जुलाई को उसकी मौत हुई है।

उसके 2 अगस्त को झिखिया बाई की हालत गंभीर हुई ,जिसे प्राइवेट अस्पताल ले जाया गए। जहां बीपी ज्यादा बढ़ने पर उसे सरकारी अस्पताल में भर्ती करने की सलाह दी गई। लेकिन उसे अस्पताल में भर्ती न कर घर ले गए, जहां उसकी मौत हो गई।

इसके बाद अंतिम संस्कार में शामिल होने आई लीलावती पति नरेंद्र बैगा की अचानक तबीयत बिगड़ गई, जिसे करपा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टर ने 4 अगस्त को उसे मृत्यु घोषित कर दिए। उसके पेट में 8 माह का बच्चा पल रहा था, उसकी भी मौत हो गई। सोमवार को उल्टी दस्त की शिकायत पर जेठू बैगा, अनुज बैगा को शहडोल मेडिकल भेजा गया हैं, जहां उसका इलाज चल रहा है।

## स्वतंत्रता दिवस समारोह के गरिमामय आयोजन के लिए तैयारी बैठक आयोजित

### हर्षोल्लास के साथ स्वतंत्रता दिवस समारोह के आयोजन के कलेक्टर ने दिए निर्देश

**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** जिले भर में आगामी 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस समारोह पूर्वक मनाया जायेगा। जिला स्तरीय कार्यक्रम पुलिस परेड ग्राउंड सीधी में आयोजित किया जायेगा। कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सोमवार को आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी ने कहा कि गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी स्वतंत्रता दिवस समारोह का आयोजन भव्यता के साथ हर्षोल्लास एवं गरिमामय ढंग से किया जाये।

कलेक्टर ने कहा कि शासन के निर्देशों के अनुसार जिला, विकासखण्ड तथा ग्राम पंचायत स्तर पर समारोह आयोजित किये जायेंगे। जिला स्तरीय समारोह पुलिस परेड ग्राउंड सीधी में प्रातः 9 बजे मुख्य अतिथि द्वारा ध्वजारोहण से आरंभ होगा। समारोह में जिला पुलिस बल, एसएएफ, होम गार्ड, वन विभाग तथा एनसीसी के कैडेट द्वारा राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी जायेगी। समारोह में मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री जी के स्वतंत्रता दिवस संदेश का वाचन करेंगे। इसी तरह नगरीय निकायों, जनपद पंचायतों तथा ग्राम पंचायतों में भी ध्वजारोहण किया जायेगा। सभी शासकीय तथा अर्धशासकीय कार्यालयों एवं शिक्षण संस्थाओं में भी प्रातः 8 बजे तक ध्वजारोहण किया जायेगा। सभी शासकीय भवनों में 14 एवं 15 अगस्त की रात में रोशनी की व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए हैं।

कलेक्टर द्वारा सभी संबंधित अधिकारियों को जिला स्तरीय कार्यक्रम के लिये साफ-सफाई, पानी की व्यवस्था, मैदान के समतलीकरण, बैरिकेटिंग, बैठक व्यवस्था, बिजली की निर्बाध आपूर्ति आदि के लिए जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। समारोह में शामिल दलों का परेड अभ्यास की व्यवस्थाएं रक्षित निरीक्षक सुनिश्चित करेंगें। समारोह का अंतिम रूप से रिहर्सल 13 अगस्त को प्रातः 9 बजे पुलिस परेड ग्राउंड में होगा। बैठक में कलेक्टर ने माइक एवं साउंड व्यवस्था, मैदान की साज-सज्जा तथा बैठक व्यवस्था के संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिये। कलेक्टर ने कहा कि समारोह का गरिमामय आयोजन हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है, अतः दिए गए दायित्वों का निर्वहन पूरी जिम्मेदारी एवं सजगता के साथ करें।

शासन के निर्देशों के अनुसार स्वतंत्रता दिवस समारोह में शहीदों के परिजनों, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों तथा लोकतंत्र के प्रहरियों को सम्मानित किया जायेगा। इसके साथ ही कलेक्टर ने सभी विभाग प्रमुखों को उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों की सूची पुरस्कार हेतु सामान्य शाखा प्रभारी कलेक्ट्रेट कार्यालय को 12 अगस्त 2024 तक उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं।

बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राहुल धोटे, अपर कलेक्टर राजेश शाही, उपखण्ड अधिकारी गोपद बनास नीलेश शर्मा, सिहावल एसपी मिश्रा, मझौली आर पी त्रिपाठी सहित सभी संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## हरियाली अमावस्या पर प्रकृति वंदन एवं पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित

**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** पौधारोपण महाअभियान के अंतर्गत मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के द्वारा एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत दिनांक 4 अगस्त 2024 को हरियाली अमावस्या के पावन पर्व पर सीधी नगर के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल गोपाल दास मंदिर में 51 पौधों का रोपण करते हुए प्रकृति के संरक्षण का संदेश दिया गया।

## नाबालिग अपहृताओं को पुलिस ने खोज कर परिजनो को सौंपा



**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** पुलिस अधीक्षक डॉ रविंद्र वर्मा द्वारा जिले भर में अपहत बालक बालिकाओं को दस्तयाब करने हेतु निर्देशित किया गया है। इसी तरताम्य में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविंद श्रीवास्तव एवं संबंधित अनुभाग के अनुविभागीय अधिकारी पुलिस के मार्गदर्शन तथा थाना प्रभारियों के नेतृत्व में दो अलग अलग नाबालिगों को दस्तयाब कर वैधानिक कार्यवाही उपरांत परिजनों के सुपुर्द किया गया।

बताया गया कि 2 अगस्त 24 को मड़वास चौकी में आवेदक ने शिकायत दर्ज कराई कि उसका लड़का जिसकी उम्र 13 वर्ष 04 माह है, घर से बिना बताये कहीं चला गया है जो अभी तक वापस नही आई जिसका आस पड़ोस नाते रिस्तेदारी सभी जगह पता तलाश किया लेकिन कही पता नही चला। फरियादी की रिपोर्ट पर चौकी मड़वास थाना मझौली सीधी में प्रकरण दर्ज कर विवेचना मे लिया गया। दौरान विवेचना अपहत की पता तलाश की जाकर अपहत को 5 अगस्त 24 को खोज कर वैधानिक कार्यवाही उपरांत परिजनों के सुपुर्द किया गया। उपरोक्त अपहत की दस्तयाबी में चौकी प्रभारी मड़वास उनि केदार परौहा एवं टीम का सराहनीय योगदान रहा है।

इसी प्रकार दूसरे प्रकरण में चौकी खड्डी थाना रामपुर नैकिन उपस्थित आकर इस आशय कि रिपोर्ट लेख कराया कि मेरी 13 वर्ष 07 माह की नाबालिग लड़की घर से किसी को बिना बताये कही चली गई और अभी तक वापस नही आई । फरियादी कि रिपोर्ट पर चौकी खड्डी थाना रामपुर नैकिन मे प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। दौरान पता तलाश अपहता की जानकारी प्राप्त होने पर दस्तयाब किया जाकर वैधानिक कार्यवाही उपरांत परिजनों के सुपुर्द किया गया। उपरोक्त समस्त कार्यवाही में चौकी प्रभारी खड्डी उनि गंगा सिंह मार्को, सउनि आर.डी. साकेत, आरक्षक रमाशंकर चतुर्वेदी, प्रकाश सिंह एवं अनुराग यादव का सराहनीय योगदान रहा है।

## मझौली में जल प्रदाय योजना पुनः होगी प्रांरभ

**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** महाप्रबंधक जल निगम ने जानकारी देकर बताया कि 25 ग्रामों की मझौली समूह जल प्रदाय योजना अंतर्गत इंटेकवेल बनास नदी में ग्राम परसिली, मझौली में निर्मित किया गया है। ज्ञात है कि बनास नदी पेंड्रा छत्तीसगढ से निकली है जिसका केंचमेंट क्षेत्र जिला पेंड्रा, अनुपपुर, मनेन्द्रगढ, शहडोल, सीधी इत्यादि है। 04 अगस्त 2024 को सुबह 03 बजे के करीब बनास नदी में बाढ़ की स्थिति उत्पन्न हुई एवं बनास नदी का जल स्तर एचएफएल से 3 मीटर ऊपर बढ़ गया। जिससे कि इंटेकवेल, पंप हाउस, एप्रोज ब्रिज एवं किराने पर स्थित विद्युत सबस्टेशन में पानी भर गया एवं ब्रिज के ऊपर से जल प्रवाह होने लगा। कुछ घंटों के बाद जल स्तर में कमी आई एवं जल स्तर इंटेकवेल के पंप हाउस एवं ब्रिज के नीचे चला गया। 04 अगस्त 2024 दिन में करीब दो बजे ब्रिज एवं इंटेकवेल का निरीक्षण किया गया निरीक्षण में पाया गया कि छोटे मोटे जैसे की रेलिंग डेमेज, पाइप डेमेज इत्यादि को छोड़ कर किसी भी स्ट्रक्चर में किसी तरह का कोई नुकसान नही हुआ है जो कि खुशी की बात है। रिपेयर का काम शुरू कर दिया गया है विद्युत उपकरणों एवं पंप इत्यादि की जांच शुरू कर दी गई है, विद्युत उपकरणों की साफ-सफाई एवं जांच कर कुछ ही दिनों में जल प्रदाय पुनः शुरू किया जायेगा। प्रबंध संचालक म.प्र. जल निगम भोपाल आईएएस के.वी.एस. चौधरी एवं परियोजना निदेशक संजय कुमार अंधवान द्वारा इस पूरे घटना की मॉनटिरिंग की गई एवं जल प्रदाय को पुनः शुरू करने के लिए इनके मार्गदर्शन में कार्य किया जा रहा है।

# अमरकंटक के शिवालयों में लगा भक्तों का तांता

## जलेश्वर और अमरेश्वर महादेव मंदिर का अभिषेक करने दूर-दराज से पहुंच रहे भक्त



**मीडिया ऑडीटर, अनूपपुर निप्र।** आदिवासी बाहुल्य अनूपपूर जिले की पवित्र नगरी मां नर्मदा की उद्गम स्थली अमरकंटक स्थित जलेश्वर और अमरेश्वर महादेव मंदिर में दूर दराज से लोग पूजन-अर्चन करने आ है।

मंदिर के मुख्य पुजारी पंडित महेंद्रानंद ने बताया कि मां नर्मदा का जल जालेश्वर महादेव को अर्पण करने से सभी मनोकामनाएं पूरी होती है। सावन के महीने में यहां नर्मदा जल चढ़ाने के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ लगी रहती है।

दूर-दूर से लोग अपनी मनोकामना लेकर आते हैं और महादेव से आशीर्वाद प्राप्त करते हैं। उन्होंने बताया कि मान्यता के अनुसार अमरकंटक के जलेश्वर और अमरेश्वर मंदिर में पूजा-अर्चना करने से मन्नत पूर्ण होती है।

**जिला मुख्यालय से लगभग 60 किमी दूर:** पंडित महेंद्रानंद ने बताया कि मध्यप्रदेश-छत्तीसगढ़ सीमा पर स्थित पवित्र नगरी अमरकंटक के जंगलों में प्राकृतिक शिवलिंग अमरेश्वर महादेव स्थित है।

यहां मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ सहित अन्य राज्यों से भक्त दर्शन के लिए पहुंचते हैं। सावन के महीने में इस मंदिर में भक्तों की भारी भीड़ लगती है। आज भी भगवान शंकर को जल चढ़ाने के लिए भक्तों का तांता लगा हुआ हैं।

## छतरपुर जिले के नए कलेक्टर होंगे पार्थ जैसवाल

**छतरपुर निप्र।** रविवार की देर रात को मध्यप्रदेश शासन सामान्य प्रशासन विभाग मंत्रालय वल्लभ भवन भोपाल ने एक आदेश जारी किया है। जिसमें छतरपुर कलेक्टर संदीप जीआर को छतरपुर कलेक्टर के पद से हटा कर सागर कलेक्टर बनाया गया है। वहीं वर्तमान में छिंदवाड़ा जिला पंचायत सीईओ के पद पर पदस्थ पार्थ जैसवाल को छतरपुर कलेक्टर बनाया गया है।

जानकारी के अनुसार मध्यप्रदेश शासन सामान्य प्रशासन विभाग मंत्रालय वल्लभ भवन भोपाल के वीरा राणा मुख्य सचिव ने रविवार की देर रात एक आदेश क्रमांक ई 1/156/2024/5/एफ जारी किया। जिसमें छतरपुर कलेक्टर संदीप जीआर को छतरपुर कलेक्टर के पद से हटा कर सागर कलेक्टर बनाया गया है। वहीं वर्तमान में छिंदवाड़ा में जिला पंचायत सीईओ के पद पर पदस्थ रहे।


**कार्यालय नगर पालिक निगम रीवा, जिला- रीवा (म.प्र.)**

//निविदा सूचना //

क्रमांक-232/ई-टेंडर/स्वास्थ्य शाखा/न.पा.नि./2024 रीवा, दिनांक 16.01.2024

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट **https://mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्र. एवं जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2024_UAD _361708_1 | (RATE CONTRACT) ROAD MARKING WITH HOT APPLIED THERMOPLASTIC COMPOUND WITH RETROREFLCTORIZING GLASS BEADS IN REWA MUNICIPAL AREA. | 24.56 | 18420/- 5000/- | 02/09 /2024 17:30 बजें तक। |

**नोटः** - निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन **https://mptenders.gov.in** की वेबसाइट पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

**स्वास्थ्य अधिकारी/ वाहन प्रभारी**
**नगर पालिक निगम**
**रीवा ( म.प्र. )**

# विचार

## बारिश हो रिमझिम रिमझिम तो बढ़े भूजल का स्तर

श्रावण का महीना और रिमझिम रिमझिम बरसात आज बीते जमाने की बात हो गई है। सही मायने में देखा जाए तो पिछले दो-तीन दशक की पीढ़ी तो रिमझिम बरसात या यों कहे कि सावण की झड़ी को तो देखना दूर की बात जानती भी नहीं होगी। एक समय था जब श्रावण में बरसात की झड़ी लग जाती थी और कई कई बार तो तीन-तीन, चार-चार दिन तक भगवान भास्कर के दर्शन मात्र को तरश जाते थे। इससे होता क्या था झरी लगती थी तो पानी सीधे जमीन में जाता था, जमीन की प्यास बुझती थी और जब प्यास बुझने लगती तो भूजल का स्तर बढ़ने लगता था। आज हालात दूसरे हैं। तेज बरसात आती हैं और बरसात का पानी भूमि की प्यास बुझाने के स्थान पर बह कर चला जाता है। कहने को तो वर्षा का ओसत तो पूरा दिखाई दे जाता हैं, सामान्य वर्षा के आंकड़ें भी पूरे हो जाते हैं पर बरसात का अधिकांश पानी बह कर निकल जाता है या फिर बाढ़ या शहरों की खराब ड्रेनेज व्यवस्था के कारण एकत्रित हो जाता है और फिर मक्खी-मच्छरों का स्थल बनकर बीमारी का प्रमुख कारण बन जाता है। क्योंकि अब तो रिमझिम बरसात का स्थान तेज वर्षा लेती जा रही है, एक दिन में ही रेकार्ड बरसात के समाचार आते हैं और इस कारण पानी भूजल स्तर को बढ़ाने की जगह बह जाता है। दरअसल यह सब जलवायु परिवर्तन का कारण है तो दूसरी और अंधाधुंध पेड़ों की कटाई, वनों और गांवों को शहरों में तब्दील कर कंक्रिट का जंगल विकसित करने और इससे भी दो कदम आगे प्राकृतिक जल स्त्रोतों को नष्ट करना या उन्हें लगभग समाप्त कर कॉलोनियां विकसित कर देना रहा है। दरअसल हमारे वास्तुकारों ने शहरों को डिजाइन करते समय यह सोचा ही नहीं की पानी संग्रहण के लिए भी कोई जगहें विकसित हो। यह तो उनके दिमाग में ही नहीं रही। बाकी कसर शहरों में कच्ची जगह तो छोड़ने के प्रयास ही नहीं हुए यहां तक कि फुटपाथ तक पक्के कर दिए गए और सड़क किनारे लगे पेड़ों को भी चारों तरफ से पक्का कर दिया गया ताकि पानी भूमि में कहीं से जा ही नहीं सकें। अन्य कारणों के साथ यह भी एक बड़ा कारण है कि मौसम चक्र पूरी तरह से गड़बड़ाता जा रहा है। सर्दी में सर्दी नहीं, गर्मी में गर्मी नहीं और बरसात में बरसात के हालात नहीं दिखाई देने लगे हैं। हांलाकि आज मानसून के प्रेडिक्शन यानी की संभाव्यता तो लगभग सही सही बताई जाने लगी है पर प्रकृति ने जो अपना खेल दिखाया है वह अपने आप में गंभीर और चिंतनीय है। ऐसा नहीं है कि हालात जानते या समझते नहीं हो, और हालात पर चर्चा करने के लिए दुनिया के देशों के दिग्गज बैठते भी हैं और चर्चा भी करते हैं, कागजों में बड़ी बड़ी रिपोर्ट और रोडमैप भी बनते हैं पर परिणाम सामने हैं। एक पहलू यह भी है कि भूजल का अत्यधिक दोहन किया गया और यह आज भी बदस्तूर जारी है। कम पानी वाले फसल चक्र के बारें में समय पर सोचा ही नहीं गया। जमीन से पानी खिंचने के लिए पहले कुएं होते थे, उनसे उतना ही पानी निकलता था जितना रिचार्ज हो जाता था, पर कुओं का स्थान बोरिंग और बोर वेल ने ले लिया और धरती में समाये पानी को निचोड़ने में कोई कमी नहीं छोड़ी। ऐसा नहीं है कि समस्या की गंभीरता से अनविज्ञ रहे हो पर जो उपाय किये गये वह नाकाफी होने के साथ ही कारगर सिद्ध नहीं हुए।

# बांग्लादेश में फिर उभरेंगे कट्टरपंथी, शेख हसीना का तख्तापलट भारत के लिए अच्छी खबर नहीं

**नीरज कुमार दुबे**

**बांग्लादेश में सरकार विरोधी प्रदर्शनों में जान-माल और लोकतंत्र को भारी नुकसान के बाद आखिरकार शेख हसीना की सरकार का तख्तापलट हो ही गया। देश की कमान अब सेना के पास है और उसने अंतरिम सरकार का गठन करवाने की बात कही है। शेख हसीना को सत्ता से बाहर करने के लिए बांग्लादेश में जिस तरह का अभियान चलाया गया उसने दूसरे इस्लामिक देशों के सत्ताधारियों की नींद उड़ा दी है। शेख हसीना का सत्ता से बाहर होना कट्टरपंथियों की बहुत बड़ी जीत है। यह जीत दर्शाती है कि दुनिया भर में हावी होते इस्लामिक कट्टरपंथी अब भारत के बगल में भी प्रभावी हो रहे हैं। दुनिया में कई इस्लामिक देश उदारवादी माने जाते हैं अब उन्हें यह खतरा सता रहा है कि यदि कट्टरपंथी उनके यहां भी हावी हुए तो वर्तमान सत्ताधारियों के खिलाफ योजनाबद्ध तरीके से अभियान चलाकर उन्हें शासन से बाहर किया जा सकता है।**



जहां तक शेख हसीना की बात है तो उनके शासनकाल में पहली बार देश में हालात इस कदर बेकाबू हुए कि उन्हें इस्तीफा देकर अपना देश छोड़कर ही भागना पड़ा। शेख हसीना के खिलाफ इस समय नाराजगी भले चरम पर पहुँच चुकी थी लेकिन जब वह 2009 का आम चुनाव जीत कर प्रधानमंत्री बनी थीं तब उनकी लोकप्रियता देखने लायक थी। 2009 के बांग्लादेश चुनाव के नतीजों से सबसे बड़ा झटका शेख हसीना की मुख्य प्रतिद्वंद्वी खालिदा जिया को नहीं बल्कि कट्टरपंथी जमात-ए-इस्लामी को लगा था। जमात-ए-इस्लामी वही संगठन है जिसने 1971 के मुक्ति संग्राम में पाकिस्तान का पक्ष लिया था। खालिदा जिया की सरकार के दौरान आतंकवादी संगठन बांग्लादेश में खूब फले-फूले थे और कट्टरपंथियों का वहां बोलबाला हुआ करता था। जमात-ए-इस्लामी के भी उस समय 20 सांसद हुआ करते थे। यही नहीं, खालिदा जिया के जमाने में आतंकी तत्व बांग्लादेश की धरती का उपयोग भारत के खिलाफ गतिविधियां चलाने में किया करते थे। उस समय उल्फा तथा कई अन्य उग्रवादी संगठनों के ठिकाने बांग्लादेश में हुआ करते थे। इस संबंध में जब भी भारत सरकार ने तत्कालीन बांग्लादेश सरकार को कार्रवाई के लिए कहा तब-तब खालिदा जिया की सरकार कह देती थी कि भारत की ओर से दी जा रही सूचनाएं गलत हैं। खालिदा जिया ने सत्ता से हटने के बाद काफी प्रयास किया कि वह दोबारा सरकार में लौट सकें लेकिन जनता ने उन्हें हमेशा खारिज किया। खालिदा जिया धीरे-धीरे मुख्यधारा की राजनीति से दूर हो गयीं जिससे ऐसे उत्पाती और आतंकी तत्वों के लिए अस्तित्व बचाने का सवाल खड़ा हो गया जोकि खालिदा जिया के शासन की छत्रछाया में पनपते थे। इन तत्वों ने सरकार के विरोध में योजनाबद्ध तरीके से अभियान चलाया और छात्रों को आगे कर वह अपना उद्देश्य हासिल करने में सफल रहे। बांग्लादेश में जो कुछ हुआ है वह वहां के लिए तो घातक है ही साथ ही भारत के लिए भी यह मुश्किल बढ़ने वाली बात है। भारत ने हालांकि बांग्लादेश सीमा पर सतर्कता बढ़ा दी है लेकिन अब देश को चीन और पाकिस्तान की सीमा के अलावा बांग्लादेश सीमा पर भी काफी सावधानी बरतनी होगी। ढाका में दिल्ली समर्थक सरकार का नहीं रहना भारत के लिए अच्छी खबर नहीं है। हम आपको बता दें कि 2009 में शेख हसीना सरकार के आने के बाद से भारत और बांग्लादेश के संबंधों में प्रगाढ़ता आई थी। इससे पहले जब शेख हसीना 1996 से 2001 के बीच सत्ता में थीं तब भी भारत और बांग्लादेश के संबंध बेहतर रहे थे। शेख हसीना ने बांग्लादेश की कमान संभालने के बाद कट्टरपंथियों पर लगाम लगाई थी और भारत विरोधी गतिविधियां संचालित कर रहे संगठनों पर भी अंकुश लगाया था। यही नहीं, शेख हसीना बांग्लादेश में रह रहे हिंदुओं को भी अक्सर सुरक्षा का पूरा भरोसा दिलाती रहती थीं और उनके धार्मिक आयोजनों में भी शामिल होती थीं। शेख हसीना सरकार के गिरने के बाद हिंदुओं पर हमले बढ़ने और हिंदू मंदिरों को नुकसान पहुँचाये जाने की आशंकाएं बलवती हो रही हैं। पहले भी वहां हिंदुओं पर वीभत्स हमले होते रहे हैं ऐसे में अब उनके लिए खतरा और बढ़ गया है। वैसे इसमें कोई दो राय नहीं कि शेख हसीना ने बांग्लादेश की अर्थव्यवस्था को भी संकटों से उबारा था लेकिन यह भी तथ्य है कि हाल के वर्षों में खासकर महामारी के बाद से देश की अर्थव्यवस्था लड़खड़ाने लगी थी। बढ़ती बेरोजगारी और महंगाई के चलते शेख हसीना के खिलाफ नाराजगी बढ़ती जा रही थी। देखा जाये तो बांग्लादेश में मौजूदा अशांति का कारण सरकारी और निजी क्षेत्र में नौकरियों की संख्या नहीं बढ़ना भी है। उस पर से बांग्लादेश सरकार के हालिया आरक्षण संबंधी फैसले से छात्रों में नाराजगी बढ़ गयी थी। इसके अलावा, बांग्लादेश के कपड़ा कारखाने पूरी दुनिया में मशहूर हैं लेकिन अब यह क्षेत्र सिकुड़ रहा है जिससे देश की अर्थव्यवस्था पर बुरा प्रभाव पड़ा है। साथ ही बांग्लादेश में महंगाई के 10 प्रतिशत के आसपास बने रहने, बांग्लादेश के विदेशी मुद्रा भंडार के सिकुड़ते जाने और देश पर विदेशी कर्ज बढ़ते जाने जैसे कई अन्य कारक भी रहे जोकि शेख हसीना सरकार के खिलाफ आम जनता की नाराजगी बढ़ा रहे थे। उस पर से जब शेख हसीना ने यह कह दिया कि आरक्षण के विरोध में प्रदर्शन करने वाले लोग छात्र नहीं बल्कि इस्लामिक पार्टी, जमात-ए-इस्लामी और मुख्य विपक्षी बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के लोग थे तो छात्रों का गुस्सा और भड़क गया। इसके बाद शेख हसीना ने और कड़ा रुख अपनाते हुए कह दिया कि जो लोग हिंसा कर रहे हैं वे छात्र नहीं बल्कि आतंकवादी हैं जो देश को अस्थिर करना चाहते हैं इसलिए सरकार उनके साथ सख्ती से निबटेगी। उनके इस बयान के बाद तो आंदोलनरत छात्रों ने आर पार की लड़ाई का मन बना लिया और आखिरकार वह अपने उद्देश्य को हासिल करने में सफल रहे। बांग्लादेश से जो दृश्य सामने आ रहे हैं वह दर्शा रहे हैं कि प्रदर्शनकारियों का मकसद सिर्फ सत्ता बदलना नहीं था। बांग्लादेश के प्रधानमंत्री के आवास और अन्य महत्वपूर्ण इमारतों में घुसकर प्रदर्शनकारियों ने जो हरकतें की हैं वह दर्शा रही हैं कि अब देश अराजकतावादियों के हाथ में चला गया है। बांग्लादेश के प्रधानमंत्री के आवास में जिस तरह मस्ती करते या संपत्ति को नुकसान पहुँचाते युवकों का वीडियो सामने आया है उसने श्रीलंका के राष्ट्रपति भवन में घुसे प्रदर्शनकारियों और अफगानिस्तान में तख्तापलट के दौरान सरकारी इमारतों में घुसते तालिबानियों की याद दिला दी है। बांग्लादेश में प्रदर्शनकारियों को समझना होगा कि मूर्तियों को तोड़ने, सरकारी इमारतों को नुकसान पहुँचाने और किसी देश के विरोध में अभियान चलाने से देश की अर्थव्यवस्था सुधर नहीं जायेगी।

बांग्लादेश में लोकतंत्र के नहीं रहने का सबसे बड़ा खामियाजा यह होगा कि विदेश कर्ज हासिल करने के जो प्रयास किये जा रहे थे, या बांग्लादेश में जो निवेश आने वाला था, अब वह बाधित हो जायेगा। बांग्लादेश में लोकतंत्र के नहीं रहने का खामियाजा यह होगा कि विदेशी सरकारें उसकी मदद करने से कतराएंगी। दुनिया का कोई भी लोकतांत्रिक देश दूसरे देश की सरकार से ही बातचीत करने या कोई करार करने को वरीयता देता है। सैन्य नियंत्रण वाले देशों से लोकतांत्रिक देश अक्सर दूरी बनाये रखते हैं। बहरहाल, बांग्लादेश की सेना और राष्ट्रपति को चाहिए कि जल्द से जल्द अंतरिम सरकार का गठन किया जाये और संभव हो तो नये चुनाव कराये जाएं। यह सर्वविदित है कि हिंसा किसी मसले का हल नहीं है, लूटपाट और उत्पात से देश को नुकसान ही होगा और पिछले वर्षों में आगे बढ़ने के लिए जो मेहनत की गयी थी उस पर भी पानी फिर जायेगा। इसलिए समय की आवश्यकता है कि बांग्लादेश एकजुट होकर इस मुश्किल घड़ी से बाहर निकले।

# भ्रष्टाचार के खिलाफ कानून बनाने में केंद्र की कोताही

**योगेंद्र योगी**

विपक्षी दलों के नेताओं पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाने वाली केंद्र सरकार सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बावजूद जनप्रतिनिधियों के भ्रष्टाचार रोकने के लिए कानून बनाने में नाकाम रही है। इस मामले में सुप्रीम कोर्ट में केंद्र सरकार के खिलाफ अवमानना की कार्रवाई को लेकर याचिका पर सुनवाई स्वीकार करना स्वीकार कर लिया है। देश की शीर्ष अदालत ने वर्ष 2018 में एक जनहित रिट याचिका पर आदेश दिया था कि चुनाव लडने् वाले प्रत्याशियों के अलावा उनके परिवार के लोगों की सम्पत्ति और आय के स्त्रोतों की जानकारी देने के लिए केंद्र सरकार कायदे-कानून बनाए। करीब 6 साल बीतने के बावजूद केंद्र सरकार इस आदेश की पालना करने में विफल रही। इस पर केंद्र सरकार के खिलाफ अवमानना कार्रवाई को लेकर दायर याचिका को सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई के लिए स्वीकार कर लिया है। आश्चर्य की बात यह है कि लोकसभा और चार राज्यों के विधानसभा चुनाव में भाजपा ने विपक्षी दलों के नेताओं को भ्रष्टाचार को प्रमुख मुद्दा बनाया था। प्रधानमंत्री मोदी सहित अन्य वरिष्ठ भाजपा नेताओं ने विपक्षी दलों पर भ्रष्टाचार को लेकर जमकर कटाक्ष किया था। प्रधानमंत्री मोदी ने विपक्षी गुट को भ्रष्ट लोगों का जमावड़ा बताया था। प्रधानमंत्री ने भ्रष्टाचार के मुद्दे पर विपक्ष पर निशाना साधते हु कहा था कि विपक्षी नेता नोटों के बंडलों के साथ रंगे हाथों पकड़े जा रहे हैं। झारखंड और बंगाल में ऐसे मामले उजागर हो रहे हैं। वे दिल्ली की जनता को लूटने का कोई मौका नहीं छोड़ते। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर निशाना साधते हुए पीएम ने कहा कि राजनीति में बदलाव के लिए आए लोगों ने दिल्ली की जनता को धोखा दिया है। पीएम ने कहा था कि शराब घोटाला हो या नेशनल हेराल्ड घोटाला, भ्रष्टाचारियों से एक-एक पैसा वसूला जाएगा। यह मोदी की गारंटी है। जिसने भी लूट की है, उसे जनता का पैसा वापस करना होगा। हम इस पर कानूनी राय लेंगे। उन्होंने कहा कि मोदी भ्रष्ट लोगों के धन का एक्स-रे करेंगे। जिन्होंने लूट की है, उन्हें जेल जाना होगा। इतना ही नहीं राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव का जवाब देते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई करना एनडीए सरकार का एक मिशन है, न कि चुनावी लाभ का मामला। प्रधानमंत्री ने भ्रष्टाचार और काले धन पर और अधिक कार्रवाई करने का संकल्प लेते हुए कहा कि सरकार ने जांच एजेंसियों को भ्रष्ट लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के लिए पूरी आजादी दे दी है। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस कार्रवाई में किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने पहले आम आदमी पार्टी (आप) के खिलाफ सबूतों के साथ गंभीर आरोप लगाने और बाद में लोकसभा चुनाव लडने् के लिए उसके साथ गठबंधन करने के लिए कांग्रेस पर निशाना साधा। प्रधानमंत्री ने कहा कि मैं बिना किसी झिझक के यह कहना चाहता हूं और देशवासियों को भी बताना चाहता हूं कि मैंने एजेंसियों को भ्रष्ट लोगों और भ्रष्टाचार के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की पूरी आजादी दी है। सरकार कहीं भी हस्तक्षेप नहीं करेगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि उन्हें (जांच एजेंसियों को) ईमानदारी के लिए ईमानदारी से काम करना चाहिए। भ्रष्टाचार में लिप्त कोई भी व्यक्ति कानून से बच नहीं पाएगा। यह मोदी की गारंटी है। विपक्षी सदस्यों के इस आरोप का जिक्र करते हुए कि सरकार जांच एजेंसियों का दुरुपयोग कर रही है, प्रधानमंत्री मोदी ने दिवंगत मुलायम सिंह यादव जैसे विपक्षी नेताओं के बयानों



का हवाला दिया, जिन्होंने यूपीए सरकार पर उनके खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) का इस्तेमाल करने का आरोप लगाया था। उन्होंने यह भी कहा कि यहां तक कि सुप्रीम कोर्ट ने भी सीबीआई को पिंजरे में बंद तोता करार दिया था। उन्होंने कहा कि केंद्रीय जांच एजेंसियों पर आरोप लगाए गए हैं। कहा गया है कि केंद्र सरकार जांच एजेंसियों का दुरुपयोग कर रही है। प्रधानमंत्री ने कहा कि आप शराब घोटाला करती है, आप भ्रष्टाचार करती है, आप बच्चों के लिए कक्षाएं बनाने में घोटाला करती है, आप पानी घोटाला भी करती है... कांग्रेस आप के खिलाफ शिकायत करती है। कांग्रेस आप को अदालत में घसीटती है और अगर कार्रवाई होती है तो वे मोदी को गाली देते हैं। इन आरोपों के जवाब में कांग्रेस और इंडिया गठबंधन के दलों का कहना था कि भाजपा जिन नेताओं पर करोड़ों के घोटाले का आरोप लगाती है, बाद में उन्हें ही अपनी पार्टी में शामिल करवा कर केस वापस ले लेती है। भाजपा के पास ऐसी वॉशिंग मशीन है, जिसमें 10 साल पुराना केस भी डालो तो आरोपी बेदाग होकर निकलता है। कांग्रेस ने विपक्ष के ऐसे 51 मामलो को गिनवाया जिन पर कार्रवाई चल रही है। इसके अलावा उन्होंने 20 केस ऐसे गिनाए, जिनमें भाजपा और उसकी सहयोगी दल के नेताओं पर केस दर्ज हैं। लेकिन वह अभी तक बचे हुए हैं और उन पर कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। कांग्रेस ने एनसीपी नेता प्रफुल्ल पटेल का नाम लेकर कहा था कि भाजपा ने प्रफुल्ल पटेल पर अरबों रुपए के घोटाले का आरोप लगाया था लेकिन जब वे एनसीपी छोड़ भाजपा में शामिल हुए तब उनके सारे दाग धुल गए और वे बहुत अच्छे इंसान हो गए। उन्होंने असम के मुख्यमंत्री हिमंता सरमा का भी नाम लिया और कहा कि इनकी कहानी भी सेम है। गौरतलब है कि असम के मुख्यमंत्री पर गुवाहाटी में जलापूर्ति घोटाले का आरोप लगा था। नारायण राणे के खिलाफ ईडी-सीबीआई ने कई मामले दर्ज किए। अजीत पवार घोटाले के आरोप में ईडी द्वारा जांच चल रही थी। कांग्रेस की तरफ से महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री अशोक चव्हाण पर भाजपा ने आदर्श हाउसिंग सोसाइटी घोटाले का आरोप लगाया था लेकिन भाजपा में शामिल होने के बाद इनके खिलाफ मामला आगे नहीं बढ़ा। इसके अलावा हसन मुश्रीफ और छगन भुजबल इन दोनों पर भाजपा ने मनी लॉन्ड्रिंग का आरोप लगाया था।

जिसके बाद श्वष्ठ ने इन पर कार्रवाई भी की थी. लेकिन इनके एनसीपी से अलग हो जाने के बाद इनके खिलाफ सारी कार्रवाइयां बंद हो गईं। गौरतलब है कि भारत भ्रष्टाचार के मामले में विश्व में बदनाम है। भ्रष्टाचार धारणा सूचकांक 2023 में 180 देशों में से भारत 93वें स्थान पर रहा। जबकि वर्ष 2022 में भारत की रैंक 85 थी। यह सूचकांक विशेषज्ञों और व्यवसायियों के अनुसार, सार्वजनिक क्षेत्र में भ्रष्टाचार के कथित स्तर के आधार पर 180 देशों और क्षेत्रों को रैंक करता है। भारत में हर तरफ भ्रष्टाचार का खुलासा एक अंतरराष्ट्रीय सर्वे में भी हो चुका है। सर्वे में शामिल कुल कंपनियों में से 80 फीसदी ने कहा है कि 2015-16 में वह भ्रष्टाचार से जुड़े धोखाधड़ी का शिकार हुई हैं। 2013-14 में ऐसी कंपनियों की संख्या 69 फीसदी थी। सवाल यही है कि देश में जब हर तरफ भ्रष्टाचार व्याप्त हो तब केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट के जनप्रतिनिधियों सम्पत्ति और आय स्त्रोतों आदेश पर कानून बनाने में कोताही क्यों बरती है। केंद्र सरकार का यह रवैया भ्रष्टाचार के खिलाफ वादे-दावों के अंतर को बताता है।

# पत्नी को सिलबट्टे से कुचलकर मार डाला

## 12 साल बाद पति से मिलने आई थी, इधर शहर में चाकू मारकर युवक का मर्डर





**मीडिया ऑडीटर, बिलासपुर एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में हरेली के दिन पति ने पत्नी के सिर को सिलबट्?टे (पत्थर) से कुचल डाला, जिससे महिला की मौके पर मौत हो गई। बताया जा रहा है कि पति-पत्नी पिछले 12 साल से अलग रह रहे थे। त्योहार के दिन महिला अपने पति से मिलने गई थी, तभी दोनों के बीच विवाद हो गया। मामला सीपत थाना क्षेत्र का है।

वहीं दूसरी वारदात बिलासपुर शहर में हुई है। यहां एक युवक की आपसी विवाद में चाकू मारकर हत्या कर दी गई। बताया जा रहा है कि विक्की साहू नरेंद्र चंद्राकार से विवाद करने लगा। इस दौरान दोनों के बीच मारपीट भी हुई। इसके बाद गुस्से में विक्की ने नरेन्द्र के पीठ पर चाकू घोंप दिया, जिससे उसकी जान चल गई। मामला सरकंडा थाना क्षेत्र के चिंगराजपारा का है।

**पहली वारदात- पत्नी की हत्या:** मिली जानकारी के मुताबिक ग्राम नरगोड़ा निवासी टीकाराम श्रीवास (50) खेती का काम करता है। उसकी शादी करीब 20 साल पहले ग्राम गतौरा निवासी गिरजाबाई श्रीवास (45) से हुई थी। उनके दो बच्चे भी हैं, लेकिन पति-पत्नी के बीच पैसों के लेनदेन को लेकर विवाद होने लगा, जिससे दोनों अलग रह रहे थे।

**पति से अलग बिलासपुर में रहती थी पत्नी:** मिली जानकारी के मुताबिक पति ग्राम नरगोड़ा में रहता था। वहीं, महिला अपने दो बच्चों को लेकर बिलासपुर में किराए के मकान में रहने लगी। वह यहां रोजी-मजदूरी करती थी और बच्चों का भरण पोषण करती थी।

**हरेली के दिन पुरानी बातों को लेकर हुआ विवाद:** रविवार को हरेली पर महिला अपने पति से मिलने ग्राम नरगोड़ा गई थी। दोपहर करीब एक बजे दोनों के बीच पुरानी बातों को लेकर विवाद शुरू हो गया। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ा कि उनके बीच हाथापाई शुरू हो गई। पति ने गुस्से में आकर घर पर रखा सिलबट्टा (पत्थर) सिर पर पटक दिया।

**शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया:** इस दौरान महिला खून से लथपथ होकर बुरी तरह से घायल हो गई। महिला की चीख-पुकार सुनकर मोहल्ले के लोग घर पहुंचे, तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। पड़ोसियों ने तत्काल घटना की जानकारी पुलिस को दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।

**आरोपी को पड़ोसियों ने पकड़कर रखा था:** पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक आरोपी पति को पड़ोसियों ने पकड़कर रखा था। उसके हाथ खून से सने थे। इस दौरान पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने हत्या करने की बात स्वीकार कर लिया। पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

**दूसरी वारदात- सिम्स अस्पताल में डॉक्टर्स ने किया मृत घोषित:** बताया जा रहा है कि विक्की अपने साथियों के साथ हथियार लेकर मौके पर पहुंचा था। गुस्से में विक्की ने वारदात को अंजाम दिया। नरेंद्र घायल होकर जमीन पर गिर पड़ा था, जिसे सरकंडा पुलिस और लोगों की मदद से सिम्स अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

मामले में सरकंडा पुलिस ने बताया कि पुरानी रंजिश में हत्या हुई है। मुख्य आरोपी समेत उसके साथियों को हिरासत में ले लिया गया है। आरोपियों से मर्डर के मामले में पूछताछ की जा रही है। पुलिस जल्द मामले में खुलासा करेगी।

# ट्रक ने बाइक सवारों को कुचला

## इलाज के दौरान 2 युवकों की मौत, बेलकोटा से आ रहे थे अंबिकापुर




**मीडिया ऑडीटर, सरगुजा एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के अंबिकापुर जिले में रविवार रात नेशनल हाइवे-43 पर लालमाटी के पास 2 युवकों को अज्ञात ट्रक ने टक्कर मार दी। इस हादसे में दोनों युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। हादसे की सूचना पर सोमवार दोपहर परिजन मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल पहुंचे। घटना कोतवाली थाना क्षेत्र की है।

दरअसल, बतौली थाना क्षेत्र के ग्राम बेलकोटा निवासी विनोद कुमार (30) और जशपुर के फरसाबहार निवासी पंकज एक्का (24) अंबिकापुर में किराए के मकान में एक साथ रहते थे। दोनों दोस्त विनोद के घर बेलकोटा गए थे। रात करीब 8 बजे बेलकोटा से बाइक क्रमांक छ्त्त 15 छ्ङ्ग 1673 से अंबिकापुर आ रहे थे।

**लालमाटी में ट्रक से हुई भिड़ंत:** नेशनल हाइवे पर लुचकी घाट के पूर्व लालमाटी के पास बाइक सवारों को सामने से आ रहे ट्रक ने टक्कर मार दी। हादसे में दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को सड़क पर गिरा देख राहगीरों ने सूचना पुलिस को दी।

रात में पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों घायलों को अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल में भर्ती कराया। दोनों युवकों के सिर और सीने पर गंभीर चोटें आई थीं। इलाज के दौरान रात करीब ढाई बजे दोनों युवकों की मौत हो गई। उन्हें टक्कर मारने वाले ट्रक का पता नहीं चल सका है।

**परिजनों को पुलिस ने सौंपा शव:** युवकों की शिनाख्त उनके पास रखे आधार कार्ड और मोबाइल के माध्यम से हुई। दोनों युवकों के परिजनों को सुबह सूचना दी गई। दोपहर में युवकों के परिजन मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल पहुंचे। उनके शवों को पोस्टमॉर्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया है।

**एक माह में चौथी बड़ी घटना:** नेशनल हाइवे-43 के पूरी तरह से तैयार हो जाने के बाद तेज रफ्तार के कारण लगातार हादसे हो रहे हैं। 30 जुलाई को चिरगामोड़ के पास हुए हादसे में दो बाइकों में सवार तीन युवकों की मौत हो गई थी।

इसके पूर्व 19 जुलाई को नेशनल हाइवे में मंगारी के पास मिनी ट्रक की टक्कर से बाइक सवार मां-बेटे और एक युवक की मौके पर मौत हो गई थी। उधर सीतापुर के पास तेज रफ्तार बाइक सवार युवक डिवाइडर से टकरा गए थे, जिसमें दो की मौत हो गई थी।

### आरटीओ कार्यालय में भीषण आग, कामकाज ठप

# आरटीओ कार्यालय का सर्वर रूम व रिकार्ड रूम के दस्तावेज जले

**मीडिया ऑडीटर, बैकुंठपुर एजेंसी।** कोरिया जिला मुख्यालय बैकुंठपुर में संचालित आरटीओ कार्यालय में सोमवार तड़के आग लग गई। आगजनी में आरटीओ कार्यालय का सर्वर रूम एवं रिकार्ड रूम के महत्वपूर्ण दस्तावेज जल गए। सुबह कार्यालय से धुआं निकलता देख लोगों ने इसकी सूचना पुलिस एवं फायर ब्रिगेड टीम को दी। बैकुंठपुर से फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची एवं आग पर काबू कर लिया।

जानकारी के मुताबिक, बैकुंठपुर के सेंट्रल स्कूल के पास संचालित आरटीओ कार्यालय में सुबह लोगों ने धुआं निकलता देखा और आगजनी की आशंका पर इसकी सूचना कोतवाली पुलिस व फायर ब्रिगेड के अमले को दी गई। सूचना पर 10 मिनट में ही फायर बिग्रेड की टीम मौके पर पहुंची। आरटीओ के केबिन के पीछे रिकार्ड रूम में आग लगी हुई थी, जिसे बुझा लिया गया।

**सर्वर रूम से शुरू हुई आग:** आरटीओ कार्यालय के कर्मियों ने बताया कि प्रारंभिक दृष्टया आग शार्ट सर्किट के कारण लगी है। आग की शुरूआत कार्यालय के सर्वर रूम से हुई है। आरटीओ का सर्वर चालू हालत में था। आग फैलकर रिकार्ड रूम तक पहुंच गई व काफी दस्तावेज भी जल गए हैं।

आरटीओ के लिपिकों ने बताया कि जिन दस्तावेजों में आग लगी है, वे पुराने दस्तावेज हैं। इन दस्तावेजों को डिजिटल किया जा चुका था। बहुत पुराने रिकार्ड देखने के लिए इन दस्तावेजों की जरूरत पड़ती थी। फायर ब्रिगेड अमले ने कहा कि आग पर पूरी तरह से काबू पा लिया गया है। अच्छे से जांच के बाद ही फायर ब्रिगेड की टीम बाहर आई है। बैकुंठपुर का आरटीओ कार्यालय किराए के भवन में संचालित है।

**डिजिटल होता है काम, कार्यालय बंद:** आरटीओ कर्मियों ने बताया कि आगजनी में सर्वर पूरी तरह से बर्बाद हो गया है। हालांकि कंप्यूटरों को नुकसान नहीं हुआ है। इंटरनेट नेटवर्किंग व सर्वर के जल जाने के कारण सोमवार को आरटीओ का काम पूरी तरह से ठप हो गया है।

# पीएससी स्टूडेंट की खूंटाघाट डैम में मिली लाश

## बिलासपुर में रहकर पढ़ाई कर रहा था बेमेतरा का छात्र, फेल होने के चलते सुसाइड की आशंका



**मीडिया ऑडीटर, बिलासपुर एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के बिलासपुर जिले में 3 दिन से लापता छात्र का शव सोमवार को रतनपुर स्थित खूंटाघाट डैम में मिला है। वो पिछले शनिवार से फोन रिसीव नहीं कर रहा था। जिससे परेशान परिजनों ने सिटी कोतवाली थाने में गुमशुदगी का केस दर्ज कराया था। पुलिस को शक है कि एग्जाम में असफलता से निराश होकर उसने सुसाइड किया है।

पुलिस के अनुसार बेमेतरा का रहने वाला छात्र भेंक सिंह पीएससी की तैयारी कर रहा था। वह बिलासपुर के दयालबंद में हॉस्टल में रहता था।

**परेशान परिजन ने थाने में की शिकायत:** जब वह फोन रिसीव नहीं किया, तो परिजन ने उसके परिचत और दोस्तों से सम्पर्क किया। लेकिन वह अपने रूम में नहीं था। उन्हें लगा कि वह कहीं घूमने गया होगा। लेकिन, रविवार को भी उससे सम्पर्क नहीं हुआ तब परेशान परिजन बिलासपुर पहुंचे।

इस दौरान उन्होंने सिटी कोतवाली थाने में घटना की जानकारी दी, जिसके बाद पुलिस ने उसके मोबाइल का लोकेशन ट्रेस किया, तब पता चला कि वह रतनपुर की तरफ है।

**डैम में मिली लाश, सुसाइड की आशंका:** जिसके बाद परिजन और पुलिस उसकी तलाश में जुटे हुए थे। तभी सोमवार को खूंटाघाट डैम में युवक की लाश मिलने की खबर आई। पुलिस और परिजनों ने रतनपुर पहुंचकर उसकी पहचान की। डैम के पास ही युवक की गाड़ी भी मिली है, जिसमें उसका मोबाइल भी रखा हुआ था।

पुलिस को शक है कि एग्जाम में असफलता से निराश होकर छात्र ने सुसाइड किया है।

**बैंक में काम करते हैं छात्र के पिता:** रतनपुर टीआई रजनीश सिंह ने बताया कि, छात्र की लाश मिली है। उसकी पहचान के बाद शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है। शुरूआती जांच में छात्र के सुसाइड करने की आशंका है। उसके पिता बैंक में काम करते हैं। पुलिस इस मामले की जांच कर रही है।

# 4 साल से कोमा में 16 साल की भावना

## परिजनों ने इलाज में लगा दी पूरी जमा-पूंजी; शासन-प्रशासन से मदद की गुहार



**मीडिया ऑडीटर, मुंगेली एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के मुंगेली जिले में 16 साल की बेटी के इलाज के लिए माता-पिता ने सरकार से मदद की गुहार लगाई है। दिमाग की नस संबंधी गंभीर बीमारी से पीड़ित किशोरी 4 सालों से कोमा में है। परिजनों ने बेटी के इलाज में अपनी सारी जमा पूंजी लगा दी, लेकिन स्वास्थ्य में कोई सुधार नहीं हुआ।

अब डॉक्टरों ने परिजनों को बीमार बेटी को तमिलनाडु के वेल्लोर में इलाज कराने की सलाह दी है।

आर्थिक तंगी और हालातों से बेबस परिवार हैसियत के अनुसार अपनी बेटी के इलाज के लिए हर संभव कोशिश कर चुका है। परिजनों के पास अब शासन-प्रशासन से मदद के अलावा और कोई उपाय नहीं बचा है।

**8 दिसंबर 2020 को बिगड़ी तबीयत:** मुंगेली जिले के एक छोटे से गांव केसतरा में राजेश यादव का परिवार निवास करता है। राजेश यादव के 2 बेटे और एक बेटी है। 4 साल पहले इकलौती बेटी भावना ऐसे बीमार पड़ी की अभी तक उसकी तबीयत नहीं सुधरी। 8 दिसंबर 2020 के बाद से भावना आज तक कोमा में है।

**भावना की हालत में कोई सुधार नहीं:** माता-पिता बेटी की सेवा में लगे हुए हैं। पाइप के माध्यम से भोजन दिया जा रहा है। भावना के इलाज के लिए कुछ जरूरी मशीन है, वो परिजनों ने खरीद कर दी है। भावना 6वीं कक्षा की छात्रा थी जब उसकी तबीयत खराब हुई। परिजनों ने मुंगेली से लेकर रायपुर तक इलाज करवाकर लाखों रुपए लगाए, लेकिन स्थिति में कोई सुधार नहीं हो सका।

**इंफेक्शन की वजह से दिमाग की नस में सूजन:** बीएमओ डॉ ज्वाला प्रसाद कौशिक ने भावना के बीमारी को लेकर बताया कि इंफेक्शन की वजह से उनके दिमाग की नस में सूजन है, जिसके चलते पैरालिसिस की समस्या है। बीएमओ का यह भी कहना है कि परिजनों ने बताया कि भावना को पहले कुत्ते ने काटा था, जिस वजह से भी उसकी तबीयत बिगड़ने की आशंका है।

**डॉक्टरों ने वेल्लोर ले जाने की दी सलाह:** भावना के माता-पिता ने भगवान का कोई चमत्कार हो इसके लिए कई मंदिरों में मत्था टेका। यहां तक की बागेश्वर धाम तक पहुंच चुके हैं, लेकिन हालत में कोई सुधार नहीं हुआ। विशेषज्ञ डॉक्टरों ने बच्ची को तमिलनाडु के वेल्लोर ले जाने की सलाह दी है। लेकिन आर्थिक स्थिति खराब होने से परिवार आंसू बहाने को मजबूर है।

**कलेक्टर ने दिया मदद का आश्वासन:** भावना के माता-पिता ने शासन-प्रशासन से मदद की गुहार लगाई है। वहीं कलेक्टर ने मामले में संज्ञान लेकर स्वास्थ्य विभाग के सीएमएचओ डॉ देवेंद्र पैकरा को भावना के उपचार के लिए हरसंभव मदद के निर्देश दिए। जिसके बाद बीएमओ डॉ ज्वाला प्रसाद कौशिक ने भावना यादव के घर जाकर उनका हालचाल जाना और उनके बीमारी और चल रहे उपचार को लेकर परिजनों से चर्चा की। अधिकारियों ने मुंगेली स्वास्थ्य विभाग की ओर से हरसंभव मदद का आश्वासन दिया है।

**सामाजिक संस्था ने की आर्थिक मदद:** मुंगेली की एक निजी संस्था प्रयास ने पीड़ित परिवार को 31 हजार रुपए की आर्थिक सहायता की है। साथ ही उन्होंने अपील की है कि इस परिवार की मदद में सक्षम लोग सामने आए। प्रशासन तो अपने तरह से इस बिटिया की मदद करेगा, लेकिन यदि आप भी इनकी मदद करें तो बेटी का जान बचाई जा सकती है।

# शिक्षकों की कमी से नाराज छात्र-छात्राओं ने किया चक्काजाम

## कांकेर में प्रयास स्कूल के स्टूडेंट्स सड़क पर बैठे, कहा-टीचर ही नहीं, पढ़ाई कैसे होगी




**मीडिया ऑडीटर, कांकेर एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के कांकेर में प्रयास आवासीय विद्यालय में शिक्षकों की कमी से नाराज छात्र-छात्राओं ने चक्काजाम कर दिया। नए शिक्षा सत्र शुरू होने के दो माह बाद भी शिक्षक की कमी दूर नहीं होने से नाराज स्टूडेंट्स ने करीब एक घंटे तक ह्ला-30 को जाम रखा।

इस दौरान दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतार लग गई। शिक्षकों की मांग कर रहे बच्चों ने समझदारी का भी परिचय दिया और चक्काजाम के दौरान फंसी एंबुलेंस और यात्री बस को रास्ता भी दिया।

**2 महीने बाद भी शिक्षक नहीं:** छात्रों ने बताया कि शिक्षा सत्र के शुरू होने के दो माह बाद भी उन्हें विषयवार शिक्षक नहीं मिले हैं, जबकि कई बार उन्होंने शिक्षक की मांग को लेकर आवेदन दिया है। ऐसे में उनकी पढ़ाई प्रभावित हो रही है। फिर जब शिक्षकों की नियुक्ति की जाएगी तो पूरा कोर्स जल्दी-जल्दी में पढ़ाया जाएगा और विषय को समझने में दिक्कत आएगी।

**शिक्षक नहीं होंगे तो पढ़ाई कैसे होगी:** छात्र-छात्राओं ने कहा कि 11वीं और 12वीं के स्टूडेंट्स को अपने भविष्य को ध्यान में रखते हुए और भी कई परीक्षा की तैयारी करनी होती है, ऐसे में शिक्षक ही नहीं रहेंगे तो वे पढ़ाई कैसे करेंगे।

**अधिकारी बोले- नियुक्ति की प्रक्रिया पूरी:** पूरे मामले में सहायक आयुक्त एलआर कुर्रे का कहना है कि शिक्षकों की नियुक्ति की प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। शिक्षकों को सोमवार को ज्वाइन करना था, लेकिन बच्चों ने उसके पहले ही आंदोलन शुरू कर दिया। जल्द ही शिक्षक ज्वाइन कर लेंगे।

# जिले में अब तक 568.2 मिमी औसत वर्षा की गयी दर्ज

**एमसीबी निप्र।** मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी -भरतपुर जिले में 01 जून से 05 अगस्त तक 568.2 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई है। कार्यालय कलेक्टर भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार 1 जून से अब तक सर्वाधिक वर्षा 661.2 मिमी मनेन्द्रगढ़ तहसील में तथा न्यूनतम 426.4 मिमी कोटाडोल तहसील में दर्ज की गई है। इसके अलावा तहसील केल्हारी में 629.6 मिमी, तहसील चिरमिरी में 606.1 मिमी, तहसील खड़गवां में 489.2 मिमी, तहसील भरतपुर में 596.8 मिमी तथा तहसील कोटाडोल में 426.4 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई है।

# 100 महिलाओं से 1 करोड़ की ठगी

## माइक्रो फाइनेंस के दलालों ने बिना बताए लिया लोन, अबतक 16 हजार महिलाएं कर्जदार



**मीडिया ऑडीटर, गरियाबंद एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के गरियाबंद जिले में 100 से ज्यादा महिलाओं के नाम पर 1 करोड़ से ज्यादा की ठगी की गई। बताया जा रहा है कि देवभोग में करीब 16 हजार महिलाएं लोन के चलते कर्जदार हैं। माइक्रो फाइनेंस के दलालों ने महिलाओं के नाम लोन निकाला और रकम लेकर फरार हो गए।

जब बैंक के एजेंट वसूली के लिए परेशान करने लगे तो सैंकड़ों महिलाओं ने मोर्चा खोला और थाने में शिकायत दर्ज कराई। महिला ने बताया कि माइक्रो फाइनेंस के दलालों ने कर्ज माफी और बीमा योजना का झांसा देकर दस्तावेज लेकर गए थे। इसके बाद लोन लिया और खाते में आए रकम को दलाल निकाल लेता था। पुलिस अब आरोपियों की तलाश कर रही है।

**मोहल्ले के ही पति-पत्नी ने बनाया कर्जदार:** दरअसल, गरियाबंद के उरमाल गांव के वार्ड 3 और 4 में रहने वाली जानकी बाई, सकुंतला, हिरादी, गजुला, हराबती, दुशिला समेत अन्य महिलाएं देवभोग थाना पहुंची। अपने ही मोहल्ले में रहने वाले किशन देवांगन और उसकी पत्नी गोदावरी पर 1 करोड़ से ज्यादा का कर्जदार बनाने का आरोप लगाया है।

**4 निजी माइक्रो फाइनेंस बैंक से निकाले गए:** बताया जा रहा है कि, करीब 1 करोड़ रुपए देवभोग में संचालित 4 निजी माइक्रो फाइनेंस बैंक से निकाले गए हैं। आरोप है कि ठगी में बैंक के कर्मी भी संलिप्त हैं। शिकायत में 48 महिलाओं की नाम की सूची देकर बताया गया है।

**48 महिलाओं के नाम से 60 लाख से ज्यादा की धोखाधड़ी:** इन सभी के नाम से भारत फाइनेंस, स्पंदना, सेटिंन,फ्यूजन जैसे माइक्रो फाइनेंस बैंक से कर्ज निकाला गया है। महिलाओं ने दावा किया है कि 48 महिलाओं के नाम से 60 लाख से ज्यादा का रकम कर्ज के रूप में निकाला गया है।

**बोगस समूह की गारंटी पर 1 करोड़ की ठगी:** महिलाओं से ठगी के आरोप की पड़ताल की, जिसमें पता चला कि देवभोग में मौजूद माइक्रो फाइनेंस बैंक को ग्रुप लोन सैंक्शन करने का पावर है, जिन महिलाओं के साथ 1 करोड़ की ठगी हुई है, वह किसी समूह का संचालन नहीं करती।

**एक महिला के नाम पर 40 हजार से डेढ़ लाख तक का लोन:** दलाल ने 48 महिलाओं के नाम देवभोग में मौजूद सभी बैंकों से कर्ज निकाले हैं। सभी जगह अलग-अलग समूह के नाम का जिक्र किया गया है। बैंकों ने समूह की गारंटी पर सभी महिलाओं के नाम 40 हजार से डेढ़ लाख तक का लोन दिया है।

किशन देवांगन यूनियन बैंक से यूपीआई लेकर ग्राहक सेवा केंद्र चलाता था। ऐसे में महिलाओं के खाते में जमा सभी रकम वह अपने घर बुलाकर आसानी से आहरण कर लेता था। महिलाओं के सामने कभी भी रकम का जिक्र नहीं किया, इसलिए धोखाधड़ी का शिकार बनी महिलाओं में से किसी को भी यह पता नहीं चला कि उनके नाम पर कितने बैंकों से कितनी रकम निकाली गई।

**टारगेट के खेल में उड़ाई नियमों की धज्जियां:** इस क्षेत्र में 2018 से माइक्रो फाइनेंस बैंक खुले हैं, जो साप्ताहिक, दो सप्ताह और मासिक किस्त के आधार पर अब तक 16 हजार महिलाओं को लोन दिया है। 23 से 25 प्रतिशत सालाना ब्याज दर के आधार पर यह लोन लिया गया है। बैंक में नियमित राशि जमा कर रहे कस्टमर को किश्त की रकम पूरा होने से पहले दोगुने राशि ऑफर कर दिया जा रहा है।

ज्यादातर ग्रामीण महिलाएं हैं। टारगेट पूरा करने के चक्कर में बैंको ने दलालों के भरोसे लेन देन शुरू कर दिया है। हालांकि लोन देने वालों के पुख्ता पेपर अपने पास रख रहे हैं, लेकिन इस बात का वे सुनिश्चित नहीं कर रहे हैं कि दी जा रही रकम क्या वाकई में महिला समूह या महिलाएं इस्तेमाल कर रही हैं।

**जांच हुई तो खुलेंगे कई चौंकाने वाले मामले:** पंजीकृत महिला समूह को बहुत ही कम ब्याज दर पर अधिकृत बैंक आसानी से लोन उपलब्ध करा रहे हैं। इन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ भी मिल रहा है। ऐसे में बड़ा सवाल उठता है कि आखिरकार निजी बैंकों से कर्ज उठाने वाली ये 16 हजार महिलाएं कौन हैं। मामले की जांच हुई तो कई चौंकाने वाले तथ्य भी सामने आएंगे।

# चलती कार के अंदर महादेव-सट्टा पर दांव

**मीडिया ऑडीटर, भिलाई एजेंसी।** देशभर में महादेव सट्टा ऐप का जाल बिछाने वाले सौरभ चंद्राकर के करीबी यमन और उसके भाई ओम प्रकाश चंद्राकर को पुलिस ने 2 महीने सर्विलांस में रखने के बाद पकड़ लिया है। यमन चंद्राकर दुबई में बैठकर अपने भाई के जरिए 6 राज्यों दिल्ली, यूपी, बिहार, महाराष्ट्र, एमपी-सीजी में रैकेट चला रहा था। ओम प्रकाश यहां मैनेजमेंट संभालता था।

# वायनाड लैंडस्लाइड की जिसने सूचना दी, उसकी बॉडी मिली,अब तक 387 मौतें



**वायनाड ( एजेंसी )।** केरल के वायनाड में 29 जुलाई की देर रात बारिश के बाद हुए लैंडस्लाइड में मरने वालों की संख्या 387 पहुंच गई है। इनमें से 172 की पहचान हुई है। 180 लोग अब भी लापता हैं। सर्च ऑपरेशन का आज 7वां दिन है। वायनाड के चूरलमाला के एक प्राइवेट हॉस्पिटल की स्टाफ नीतू जोजो इस हादसे की पहली इनफॉर्मर थीं। उन्होंने इमरजेंसी सर्विस को सबसे पर अलर्ट कर मदद की गुहार लगाई थी। नीतू ने डॉ. शानावास पल्लियाल को भी फोन किया था, जो उसी हॉस्पिटल में डिप्टी जनरल मैनेजर हैं, जहां नीतू काम करती थीं। डॉ. पल्लियाल ने बताया कि 29 जुलाई को पहली लैंडस्लाइड के बाद नीतू का कॉल आया। उन्होंने घबराते हुए कहा- हमारे घरों में पानी भर गया है। मलबा आ रहा है। आसपास के 5-6 परिवार के घर तबाह हो गए हैं। इसके बाद दूसरी लैंडस्लाइड में उनसे कनेक्शन टूट गया। मलबे में दबने से उनकी मौत हो गई। उनका शव मिला है। लैंडस्लाइड के बाद से वायनाड में लगातार छुट्टियों के बाद आज से स्कूल खुल गए। हालांकि जिन स्कूलों में राहत शिविर चल रहे हैं वहां छुट्टी जारी रहेगी। मलप्पुरम जिले में भी राहत कार्यों के कारण स्कूलों में भी छुट्टियां घोषित की गई हैं। वायनाड के चूरलमाला में रहने वाले 42 वर्षीय मंसूर ने पीटीआई से बातचीत में कहा- मैं उस दिन अपने घर पर नहीं था। मैंने एक ही रात में परिवार के 16 सदस्यों को खो दिया। अब तक 4 ही लोगों की बॉडी मिली है। बेटे की बॉडी मिली है। बेटी समेत 12 लोग लापता हैं। मंसूर ने आगे कहा कि इस घटना में मेरा परिवार, मेरा घर, सब कुछ चला गया। अब मेरे पास कुछ भी नहीं बचा है। मैं फिलहाल अपने भाई नासिर के साथ रह रहा हूं। लैंडस्लाइड वाली जगह से दूर रहने वाले? मंसूर के भाई नासिर ने बताया कि घटना से पहले अधिकारियों की ओर से कोई चेतावनी नहीं दी गई थी। जब जलस्तर बढ़ रहा था, तो मैंने अपने भाई के परिवार को कहा कि वे मेरे घर आ जाएं। उन्होंने कहा कि वे सुरक्षित हैं, लेकिन इस त्रासदी में अब सब कुछ खत्म हो गया।

# बांग्लादेश में चार हिंदू मंदिरों को नुकसान, भारतीय सांस्कृतिक केंद्र में तोड़फोड़

**ढाका (एजेंसी)।** बांग्लादेश बड़े राजनीतिक संकट से जूझ रहा है। देश में भारी हिंसा और प्रदर्शन के बाद प्रधानमंत्री शेख हसीना ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। इसके साथ ही हसीना बांग्लादेश छोड़कर विशेष विमान से भारत आ गई हैं। माना जा रहा है कि वह भारत से लंदन के लिए रवाना होंगी। हालांकि, बांग्लादेश हो रहे प्रदर्शन और हिंसा के बीच अब हिंदू समाज पर भी खतरा मंडराने लगा है। जानकारी के मुताबिक, बांग्लादेश में अब तक चार हिंदू मंदिरों को नुकसान पहुंचाए जाने की खबर सामने आई है।

भारतीय सांस्कृतिक केंद्र में तोड़फोड़

अब तक मिली जानकारी के मुताबिक, बांग्लादेश की राजधानी में सोमवार को उपद्रवी भीड़ ने एक भारतीय सांस्कृतिक केंद्र में तोड़फोड़ की गई है और देशभर में चार हिंदू मंदिरों को नुकसान पहुंचाया गया है। हालांकि, इस नुकसान को मामूली बताया जा रहा है। प्रत्यक्षदर्शियों और समुदाय के नेताओं ने इस बात की जानकारी दी है।

प्रधानमंत्री शेख हसीना के पद से इस्तीफा देने के बाद उत्पन्न तनावपूर्ण स्थिति को लेकर हिंदू समुदाय के कुछ नेता चिंतित हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बांग्लादेश की राजधानी के धानमंडी इलाके में स्थित इंदिरा गांधी सांस्कृतिक केंद्र



(आईजीसीसी) और बंगबंधु स्मारक संग्रहालय को एक उपद्रवी भीड़ ने सोमवार को क्षतिग्रस्त कर दिया। बांग्लादेश में इंदिरा गांधी सांस्कृतिक केंद्र का मार्च 2010 में उद्घाटन किया गया था। यह सांस्कृतिक कार्यक्रमों, सांस्कृतिक संगोष्ठियों, कार्यशालाओं का आयोजन करने और भारत और बांग्लादेश के बीच द्विपक्षीय सांस्कृतिक संबंधों को बढ़ावा देता है। यह भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद का सांस्कृतिक केंद्र है। इस केंद्र में भारतीय कला, संस्कृति, राजनीति, अर्थशास्त्र और कथा साहित्य के क्षेत्रों में 21,000 से अधिक पुस्तकों वाला एक पुस्तकालय है।

# की गिरफ्तारी के खिलाफ केजरीवाल की याचिका खारिज

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** दिल्ली हाईकोर्ट ने सोमवार (5 अगस्त) को अरविंद केजरीवाल की सीबीआई की गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली याचिका खारिज कर दी। साथ ही जमानत याचिका के लिए निचली अदालत जाने को कहा है। कोर्ट ने कहा कि यह नहीं कहा जा सकता कि सीबीआई ने केजरीवाल की गिरफ्तारी बिना किसी ठोस कारण के की। कोर्ट ने 29 जुलाई को इसी मामले में हुई सुनवाई में फैसला सुरक्षित रख लिया था। सुनवाई में सीबीआई ने कहा कि केजरीवाल ही दिल्ली शराब नीति केस के असली सूत्रधार हैं। उनकी गिरफ्तारी के बिना मामले की जांच नहीं की जा सकती थी। एक महीने के भीतर हमने चार्जशीट दाखिल कर दी थी। कोर्ट के फैसले पर आप ने कहा कि सीएम केजरीवाल की सीबीआई की गिरफ्तारी को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देंगे। साथ ही जमानत के लिए अपील भी करेंगे। सीबीआई ने केजरीवाल को 26 जून को अरेस्ट किया था। आप ने केजरीवाल को 21 मार्च को गिरफ्तार किया था। हालांकि 12 जुलाई को सुप्रीम कोर्ट ने मनी लॉन्ड्रिंग केस में जमानत दे दी थी, लेकिन सीबीआई केस के चलते वह जेल में ही हैं।

# एमसीडी में सीधे पार्षद नियुक्त कर सकते हैं एलजी

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि दिल्ली नगर निगम में 10 मेंबर नॉमिनेट करने के उपराज्यपाल के फैसले को मंत्रिपरिषद की सहायता और सलाह की आवश्यकता नहीं है। सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस नरसिम्हा और जस्टिस जेबी पारदीवाला की बेंच ने कहा कि एमसीडी में सदस्यों को नामित करने की ख्न की वैधानिक शक्ति है, न कि कार्यकारी शक्ति। सुप्रीम कोर्ट ने उपराज्यपाल के 10 एल्डरमैन नियुक्त करने के फैसले को बरकरार रखा है। इससे पहले मई 2023 में कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रखा था। दरअसल, एलजी विनय कुमार सक्सेना की ओर से इस साल 1 और 4 जनवरी को ऑर्डर और नोटिफिकेशन जारी करके 10 एल्डरमैन (मेंबर) की नियुक्ति की गई थी। इसके फैसले के खिलाफ दिल्ली सरकार ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया था। आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले को लोकतंत्र और संविधान के लिए बड़ा झटका बताया है। उन्होंने फैसले पर अपनी असहमति व्यक्त करते हुए कहा है कि कोर्ट का फैसला मामले की सुनवाई से एक दम उलट है। सांसद ने कहा कि दिल्ली को अन्य राज्यों की तरह ये अधिकार मिलना चाहिए।

# कोचिंग संस्थान डेथ चैम्बर बन चुके हैं : सुप्रीम कोर्ट बोला

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** दिल्ली के राउ आईएएस कोचिंग के बेसमेंट में चल रही लाइब्रेरी में पानी भरने से 27 जुलाई को तीन स्टूडेंट्स की मौत हो गई थी। सुप्रीम कोर्ट में सोमवार को जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस उज्वल भुइयां की बेंच ने दिल्ली के कोचिंग सेंटर्स को डेथ चैम्बर बताया। बेंच ने कहा- हम कोचिंग सेटर्स की सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं। कोचिंग सेंटर्स बच्चों की जिंदगी के साथ खेल रहे हैं। कोर्ट ने केंद्र सरकार और दिल्ली के चीफ सेक्रेटरी को नोटिस जारी कर पूछा कि कोचिंग सेंटर्स में क्या सेफ्टी के नियम लागू किए गए हैं? कोर्ट ने कहा कि हमारा ये सोचना है कि अगर कोचिंग सेंटर सेफ्टी नॉर्म को पूरा नहीं करते तो इनको ऑनलाइन मोड में पढ़ाई शुरू कर देनी चाहिए। फिलहाल हम ये नहीं कर रहे हैं। कोर्ट ने केंद्र, दिल्ली सरकार और एमसीडी को नोटिस जारी कर सुरक्षा की जानकारी मांगी है। बेंच ने दिल्ली हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती देने पर कोचिंग सेंटर फेडरेशन के अध्यक्ष, सचिव और कोषाध्यक्ष पर एक लाख रुपए का जुर्माना लगाया। हाईकोर्ट ने मुखर्जी नगर कोचिंग हादसे के बाद जिन कोचिंग सेंटर के पास फायर एनओसी नहीं है, उन्हें बंद करने का आदेश दिया था। कोचिंग फेडरेशन ने इसे सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी।

# तीसरी सोमवारी पर हाजीपुर में 9 श्रद्धालुओं की मौत

**हाजीपुर ( एजेंसी )।** हाजीपुर में सावन की तीसरी सोमवारी पर बाबा हरिहर नाथ को जलाभिषेक करने सोनपुर जा रहे 9 श्रद्धालुओं की मौत हो गई। श्रद्धालुओं की डीजे ट्रॉली हाईटेंशन तार की चपेट में आ गई। हादसा हाजीपुर इंडस्ट्रियल थाने के सुल्तानपुर गांव में रात करीब 12 बजे हुआ है। चंद सेकेंड में हादसा हो गया। 15 सेकेंड तक शव ट्रॉली से चिपके रहे। करंट लगने के बाद लोगों के शव जलते रहे। बताया जा रहा है कि डीजे ट्रॉली पर 12-15 लोग सवार थे। 9 की मौत हुई, 2 घायल हुए हैं, बाकी लोग बच गए। सावन के महीने में गांव के लोग हर सोमवार को पास के हरिहर नाथ मंदिर में जलाभिषेक करने जाते हैं। रविवार की रात भी गांव के लोग जलाभिषेक के लिए निकले थे। इसके लिए डीजे ट्रॉली का भी इंतजाम किया था, लेकिन गांव की खराब सड़क से छ्छ्ठ ट्रॉली को निकालने के दौरान ही ट्रॉली सड़क के ऊपर से गुजर रहे हाईटेंशन तार की चपेट में आ गई। करंट की वजह से ट्रॉली पर सवार लड़के झुलस गए तो कई अफरातफरी के दौरान करंट की चपेट में आ गया। घटनास्थल पर ही 9 की मौत हो गई है। हादसे की खबर पाकर बड़ी संख्या में पुलिस के साथ एसडीएम मौके पर पहुंचे तो स्थानीय लोग हंगामा करने लगे। लोगों का आरोप था कि बिजली विभाग की लापरवाही से ये हादसा हुआ है।

### संसद सत्र का 11वां दिन

# विपक्ष ने पूछा- सहारा ग्रुप के कितने निवेशकों को पैसा वापस मिला, वित्त मंत्री बोलीं- कोर्ट में जाकर पूछिए

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** संसद के मानसून सत्र का सोमवार को 11वां दिन है। लोकसभा में आज प्रश्नकाल के दौरान सीकर (राजस्थान) सांसद अमरा राम ने पूछा कि सहारा ग्रुप में निवेश करने वाले कितने लोगों को पैसा वापस किया और कितना किया? इस पर पहले वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने कहा कि अभी तक 138 करोड़ रुपए वापस किए जा चुके हैं। अमरा राम इस पर संतुष्ट नहीं हुए और दोबारा सवाल किया। इस बार वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण बोलीं- कोर्ट में जाकर पूछिए। वित्त मंत्री बोलीं- सुप्रीम कोर्ट हमें सुपरवाइज कर रहा है। हमारे ऊपर हाथ उठाने का कोई फायदा नहीं है। सरकार निर्णय नहीं कर सकती। कोई सदस्य बाहर जाकर यह न बोले कि सरकार पैसे नहीं दे रही है। सरकार हाथ जोड़कर बुला रही है कि लोग कागजात के साथ आएं। हम पैसा देने के लिए तैयार हैं। इसके अलावा केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बताया कि सिरियस फ्रॉड इन्वेस्टीगेशन ऑफिस रिफन्ड मामले की पूरी जांच कर रहा है।



# जम्मू-कश्मीर में 5 आतंकवादी गिरफ्तार

**श्रीनगर ( एजेंसी )।** जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग में सोमवार को तीन आतंकवादियों को गिरफ्तार किया। सुरक्षा बलों के ज्वाइंट चेकिंग ऑपरेशन में तीनों को हिरासत में लिया गया। उनके पास से भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद मिले हैं। इसमें मैगजीन सहित एक पिस्तौल, गोलियां, ग्रेनेड, इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस शामिल हैं। इसके अलावा पुलवामा के अवंतीपोरा से 2 आतंकियों की गिरफ्तारी हुई है। इनके पास से एक पिस्तौल, 2 मैगजीन और गोला-बारूद मिला है। वहीं, 4-5 अगस्त की रात अखनूर और सुंदरबनी सेक्टर्स में लाइन ऑफ कंट्रोल के पास घुसपैठ की कोशिश हुई।

# प्रधानमंत्री फिर बने दुनिया के सबसे लोकप्रिय नेता

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** मॉर्निंग कंसल्ट की तरफ से करवाए गए एक सर्वे में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक बार फिर से विश्व के सबसे लोकप्रिय नेताओं की सूची में सबसे ऊपर हैं। पीएम मोदी ने अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन और हाल ही में चुने गए ब्रिटिश प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर को पीछे छोड़ दिया है। वैश्विक निर्णय खुफिया फर्म मॉर्निंग कंसल्ट की तरफ से विश्व के सबसे लोकप्रिय नेताओं की नवीनतम रैंकिंग जारी की गई है।

यह फर्म वैश्विक नेताओं के प्रमुख फैसलों के आधार पर रैंकिंग जारी करती है । मॉर्निंग कंसल्ट ने अपनी वेबसाइट पर कहा, कि ये रेटिंग सभी देश में वयस्कों के बीच



विचारों के सात-दिवसीय चलती औसत को दर्शाती है।

इस सर्वे का आंकड़ा 8 से 14 जुलाई के बीच एकत्रित किया गया था। वैश्विक निर्णय खुफिया फर्म के अनुसार प्रधानमंत्री मोदी 69 प्रतिशत की अनुमोदन रेटिंग के साथ पहले स्थान पर हैं, जबकि मैक्सिकन राष्ट्रपति एंड्रेस मैनुअल लोपेज ओब्रेडोर इस सूची में 63 प्रतिशत की अनुमोदन रेटिंग के साथ दूसरे स्थान पर हैं।

# केंद्र सरकार को गरीबों से मतलब नहीं, वे सिर्फ हिंदू- मुसलमान की राजनीति करती है-तेजस्वी

**पटना ( एजेंसी )।** केंद्र सरकार वक्फ एक्ट में संशोधन लाने की तैयारी में है। इसको लेकर बिहार में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने कहा कि एक बात समझने की जरूरत है। केंद्र सरकार जनहित के काम नहीं करती। उन्हें ना गरीबों से मतलब है ना बेरोजगारी से मतलब है। अच्छी शिक्षा मिले,अच्छी चिकित्सा मिले.. इससे केंद्र सरकार को कोई मतलब नहीं है। बिहार जैसे गरीब राज्यों में उद्योग लगे कारखाने लगे इसकी चिंता नहीं है। तेजस्वी ने आगे कहा कि केंद्र सरकार केवल धुर्वीकरण करके, हिंदू मुसलमान करके अपनी राजनीति करना चाहती है। भाजपा के लोगों को पहले बताना चाहिए कि जो आरक्षण हमने बढ़ाया उसे वे 9वीं अनुसूचि में क्यों नहीं डाल रहे? क्या कारण है... और बिहार में आपने वादा किया था विशेष राज्य का दर्जा देने का इसका क्या हुआ? वहीं डीएमके नेता एसएस शिवशंकर के राम पर दिए विवादास्पद बयान को लेकर तेजस्वी यादव ने कहा कि यह कोई विषय नहीं है, कौन क्या व्यक्तिगत बात करता है इससे हम लोगों को कोई लेना-देना नहीं है।

# उद्धव 6 अगस्त से तीन दिवसीय दौरे पर दिल्ली पहुंचेंगे

**मुंबई ( एजेंसी )।** शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) प्रमुख और महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे मंगलवार से तीन दिवसीय दौरे पर नई दिल्ली पहुंचेंगे और विपक्षी गठबंधन 'इंडिया% के नेताओं से मुलाकात करेंगे। पार्टी सांसद संजय राउत ने सोमवार को यह जानकारी दी। राउत ने दिल्ली में पत्रकारों को बताया कि हाल ही में हुए लोकसभा चुनाव के बाद ठाकरे का यह राष्ट्रीय राजधानी का पहला दौरा होगा।राज्यसभा सदस्य ने कहा, ''यह संवाद यात्रा है। तृणमूल कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, आम आदमी पार्टी के नेता उनसे मुलाकात करेंगे। कांग्रेस के महाराष्ट्र प्रभारी रमेश चेन्निथला ठाकरे से चर्चा करेंगे। उद्धव जी अपनी यात्रा के दौरान राजधानी में मराठी और राष्ट्रीय पत्रकारों से भी मिलेंगे। इस साल की शुरुआत में हुए



लोकसभा चुनाव में शिवसेना (यूबीटी) ने महाराष्ट्र की कुल 48 सीट में से नौ सीट जीती थीं, जबकि 'इंडिया गठबंधन के घटक दल कांग्रेस और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) ने क्रमश- 14 और आठ सीट पर जीत दर्ज की थी।

# भारत से संपर्क बढ़ाने के लिए जल-रेल मार्ग का विस्तार करेगा नेपाल

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** नेपाल के प्रधानमंत्री के पी ओली ने रविवार को देश के जलमार्ग और रेलवे के विकास के महत्व पर प्रकाश डाला तथा भारत के साथ संपर्क बढ़ाने की संभावनाओं पर जोर दिया।

भौतिक अवसंरचना एवं परिवहन मंत्रालय के तहत सड़क विभाग की वार्षिक प्रगति समीक्षा बैठक में ओली ने सिविल सेवकों को भारतीय सीमा के पास हनुमाननगर से त्रिवेणी और देवघाट तक स्टीमर सेवाओं के संचालन के लिए एक योजना का मसौदा तैयार करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि नेपाल में 1970 से स्टीमर सेवाओं की अनुमति देने वाला कानून होने के बावजूद इस तरह के बुनियादी ढांचे का उपयोग नहीं किया गया है, जो दुर्भाग्यपूर्ण है। ओली ने कहा, ''हमें हनुमाननगर में एक बंदरगाह, एक सीमा शुल्क कार्यालय और वीजा केंद्र स्थापित करना चाहिए। जलमार्गों के अतिरिक्त, ओली ने की आवश्यकता पर बल दिया तथा मौजूदा जनकपुर-कुर्था रेलवे लाइन में दो रेलवे लाइनें जोड़ने का आह्वान किया।


# इलेक्शन कमीशन बोला-चुनाव को बदनाम करने की कोशिश की गई

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** चुनाव आयोग ने रविवार (4 अगस्त) को कहा कि अब तक के सबसे बड़े चुनाव को बदनाम करने के लिए कुछ झूठा कैंपेन चलाया जा रहा है। 2024 के लोकसभा चुनाव सबसे ज्यादा ट्रांसपेरेंट तरीके से कराए गए हैं। चुनाव के हर चरण में उम्मीदवारों और स्टेकहोल्डर्स को शामिल किया गया है। इलेक्टोरल डेटा और रिजल्ट कानून के तहत वैधानिक प्रक्रियाओं के अनुसार है। दरअसल, इससे एक दिन पहले 3 अगस्त को कांग्रेस नेता संदीप दीक्षित ने दिल्ली में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर %वोट फॉर डेमोक्रेसी% नाम के एक संगठन की रिपोर्ट के हवाले से दावा किया था कि चुनाव की कांउटिंग में गड़बड़ी हुई है। मतदान के अलग-अलग दिन रात 8 बजे दिए गए वोटिंग प्रतिशत और कुछ दिन बाद जारी किए गए फाइनल वोटिंग प्रतिशत में बड़ा अंतर देखने को मिला है। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि कुछ राज्यों में 10 से 12 प्रतिशत वोटों में अंतर दिखा। बूथ में शाम 6 बजे तक वोटिंग खत्म हो जाती है। क्या 7 बजे के बाद भी बूथ में इतने लोग थे, जिससे 10-12 प्रतिशत तक वोट ज्यादा डाले गए और कुछ दिनों बाद जारी फाइनल वोटर टर्नआउट में वोटों का प्रतिशत बहुत ज्यादा बढ़ा।



# स्वास्थ्य क्षेत्र में 2.5 प्रतिशत जीडीपी आवंटन का लक्ष्य, आयुष्मान भारत दुनिया के लिए आदर्श-जेपी नड्डा

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री जे पी नड्डा ने सोमवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार जीडीपी का ढाई प्रतिशत बजट स्वास्थ्य क्षेत्र में आवंटित करने की दिशा में तेज गति से आगे बढ़ रही है और उसने पिछले दस साल में स्वास्थ्य बजट आवंटन में 164 प्रतिशत की वृद्धि की है। नड्डा ने स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के नियंत्रणाधीन अनुदान की मांगों पर लोकसभा में हुई चर्चा का जवाब देते हुए यह भी कहा, ''प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार ने पूरी ईमानदारी, पूरी ताकत के साथ स्वास्थ्य क्षेत्र में लंबी छलांग लगाई है और दुनिया ने माना है कि भारत स्वास्थ्य क्षेत्र में एक उदाहरण बन गया है। दुनिया के सारे लोग आयुष्मान भारत के मॉडल का अध्ययन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार के ये प्रयास स्वास्थ्य क्षेत्र में दूरगामी प्रभाव छोड़ने वाले हैं। स्वास्थ्य मंत्री के जवाब के बाद सदन ने कुछ विपक्षी सांसदों के कटौती प्रस्तावों को अस्वीकृत करते हुए स्वास्थ्य मंत्रालय के नियंत्रणाधीन अनुदान मांगों को पारित कर दिया। नड्डा ने स्वास्थ्य क्षेत्र में बजट आवंटन कम होने के विपक्षी सदस्यों के दावों के संदर्भ में कहा, ''वर्ष 2013-14 में स्वास्थ्य बजट 33,278 करोड़ रुपये का था जो आज 90,958 करोड़ रुपये का हो गया है।%% उन्होंने कहा कि बजट में पिछले दस वर्ष में 164 प्रतिशत की यह बढ़ोतरी दर्शाती है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार स्वास्थ्य क्षेत्र को कितनी प्राथमिकता और कितना महत्व देती है। नड्डा ने कहा कि सरकार ने 2017 की स्वास्थ्य नीति में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 2.5 प्रतिशत स्वास्थ्य पर खर्च करने का लक्ष्य तय किया था और इस दिशा में सरकार तीव्र गति से आगे बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि सरकार ने इस बजट में जीडीपी का 1.9 प्रतिशत स्वास्थ्य के लिए आवंटित किया है।



## दिनेश कार्तिक को एसए20 लीग का दूत नियुक्त किया गया

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत के पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज दिनेश कार्तिक को सोमवार को एसए20 लीग का लीग दूत (एम्बेसडर) नियुक्त किया गया। कार्तिक दक्षिण अफ्रीका में खेले जाने वाले इस फ्रेंचाइजी टूर्नामेंट से जुड़ने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी हैं। उन्होंने इस साल की शुरुआत में क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास ले लिया था। एसए20 की ओर से जारी मीडिया विज्ञप्ति में कार्तिक के हवाले से कहा गया, '' इस लीग के शुरुआती दो सत्र कमाल के रहे हैं जिसमे दुनिया के कुछ सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों के साथ रोमांचक युवा प्रतिभाओं ने वैश्विक मंच पर शानदार प्रदर्शन किये है।'' विज्ञप्ति के मुताबिक, ''कार्तिक लीग के वैश्विक प्रशंसक आधार को मजबूत करने और भारत तथा इंग्लैंड के प्रमुख रणनीतिक बाजारों में ब्रांड जागरूकता को मजबूत करने में मदद करने के लिए साथी खिलाड़ी और एसटी20 के अन्य दूत एबी डिविलियर्स और प्रबंधन टीम के साथ मिलकर काम करेंगे।'' दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कप्तान और लीग आयुक्त ग्रीम स्मिथ ने कहा, ''कार्तिक की असाधारण क्रिकेट प्रतिभा और व्यक्तित्व उन्हें हमारी लीग के लिए बिल्कुल उपयुक्त बनाते हैं और उनकी भागीदारी निस्संदेह विश्व स्तर पर और भारत में इस लीग को बढ़ावा मिलेगा।'' एसए20 में छह फ्रेंचाइजी टीमों एमआई केपटाउन, जॉबर्ग सुपर किंग्स, डरबन सुपरजायंट्स, पार्ल रॉयल्स, प्रिटोरिया कैपिटल्स, सनराइजर्स ईस्टर्न केप का स्वामित्व आईपीएल टीमों के मालिकों के पास हैं।

## वाशिंगटन सुंदर जुलाई के आईसीसी के महीने के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के लिए नामित

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय ऑलराउंडर वाशिंगटन सुंदर को इंग्लैंड के गस एटकिंसन और स्कॉटलैंड के चार्ली कासेल के साथ जुलाई के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के महीने के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के रूप में नामित किया गया है। पिछले कुछ समय से चोटों से जूझने के बाद सुंदर ने आखिरकार अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में खुद को स्थापित किया है। सुंदर उस युवा भारतीय टीम का हिस्सा थे जिसने पांच मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के लिए जिम्बाब्वे का दौरा किया था। टी20 विश्व कप जीत के बाद नियमित खिलाड़ियों का आराम दिए जाने पर 24 वर्षीय सुंदर को टीम में जगह मिली और वह टीम के प्रमुख स्पिन गेंदबाजी ऑलराउंडर के रूप में उभरे। उन्होंने अपनी योग्यता साबित की और उन पर किए गए विश्वास को सही ठहराया। सुंदर ने पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय में भारत की अप्रत्याशित हार के दौरान प्रभावित किया। उन्होंने 11 रन देकर दो विकेट चटकाने के लिए 27 रन भी बनाए लेकिन टीम 115 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए 13 रन से हार गई। इस युवा ऑलराउंडर ने भारत की वापसी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने बाकी बचे चार मैच में छह विकेट चटकाए और



भारत को 4-1 से श्रृंखला जिताने में मदद की। तीसरे मैच में 15 रन देकर तीन विकेट चटकाने के लिए उन्हें मैच का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी भी चुना गया। संयुक्त रूप से सबसे अधिक विकेट (आठ) लेने के लिए सुंदर को श्रृंखला का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी भी चुना गया। श्रीलंका श्रृंखला के लिए नियमित खिलाड़ियों की वापसी के साथ सुंदर को सिर्फ एक मैच खेलने का मौका मिला लेकिन उन्होंने इसका फायदा उठाया और सुपर ओवर में भारत की जीत के बाद उन्हें मैच का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया।

लॉर्ड्स मेंएटकिंसन ने जेम्स एंडरसन के विदाई अंतरराष्ट्रीय मैच में अपने टेस्ट करियर की शानदार शुरुआत की। तेज गेंदबाज एटकिंसन ने अपने पहले टेस्ट में शानदार प्रदर्शन करते हुए 12 विकेट चटकाए। उन्होंने दोनों पारियों में पांच या इससे अधिक विकेट चटकाए। उन्होंने वेस्टइंडीज के बल्लेबाजी क्रम को ध्वस्त करते हुए पहली पारी में 45 रन देकर सात विकेट चटकाए जिससे मेहमान टीम सिर्फ 121 रन पर सिमट गई। इस 26 वर्षीय खिलाड़ी ने दूसरी पारी में भी 61 रन देकर पांच विकेट चटकाए जिससे इंग्लैंड ने पारी और 114 रन से जीत दर्ज की।

## करीबी मुकाबले में क्वार्टर फाइनल हारे मुक्केबाज निशांत देव



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पहले दो बाउट में बढत बनाने के बावजूद भारतीय मुक्केबाज निशांत देव पेरिस ओलंपिक में पुरूषों के 71 किलोवर्ग के क्वार्टर फाइनल में मैक्सिको के मार्को वेरडे से हारकर बाहर हो गए। वेल्टरवेट के इस मुकाबले में विश्व चैम्पियनशिप कांस्य पदक विजेता निशांत ने अच्छी शुरूआत की लेकिन बंटे हुए फैसले के आधार पर उन्हें 1 . 4 से पराजय का सामना करना पड़ा। उन्हें पदक पक्का करने के लिये यह मुकाबला जीतना था। अब पेरिस ओलंपिक में मुक्केबाजी में भारत की चुनौती तोक्यो ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता लवलीना बोरगोहेन के रूप में ही बची है जो महिलाओं के 75 किलो वर्ग में चीन की लि कियान से रविवार को खेलेंगी।

## रोहित शर्मा ने राहुल द्रविड़ का रिकॉर्ड किया ध्वस्त



**कोलबो (एजेंसी)।** श्रीलंका के खिलाफ रोहित शर्मा का बल्ला जमकर बोल रहा है। पहले वनडे में भी रोहित के बल्ले से फिफ्टी निकली थी, वहीं अब दूसरे वनडे में भी उन्होंने 44 गेंदों में 64 रन की बेहतरीन पारी खेली। साथ ही इस मैच में रोहित ने 2 बनाए ही थे कि, इस दौरान उन्होंने पूर्व कप्तान राहुल द्रविड़ का एक बड़ा रिकॉर्ड ध्वस्त किया है। दरअसल, श्रीलंका के खिलाफ दूसरे वनडे में रोहित शर्मा ने जैसे ही 2 रन बनाए, इस दौरान उन्होंने राहुल द्रविड़ा को पछाड़ दिया है। रोहित अब वनडे फॉर्मेट में भारत की तरफ से सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाजों की लिस्ट में चौथे नंबर पर आ गए हैं। जहां पहले राहुल द्रविड़ थे। फिलहाल, रोहित ने वनडे में भारत के लिए अब तक 10,831 रन बनाए हैं, जबकि राहुल द्रविड़ ने अपने करियर में 10,768 रन बनाए। वनडे में भारत की तरफ से सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाजों की लिस्ट में पहले नंबर पर सचिन तेंदुलकर कुल 18,426 रन के साथ टॉप पर काबिज हैं। जबकि दूसरे नंबर पर विराट कोहली 13,872 रनों के साथ हैं। वहीं सौरव गांगुली 11,221 रन के साथ तीसरे और चौथे नंबर पर रोहित आ गए हैं। वहीं पांचवें नंबर पर राहुल द्रविड़ तो, छठे नंबर पर 10,599 रन के साथ पूर्व कप्तान एमएस धोनी हैं।

## भारत को मिली श्रीलंका के खिलाफ 32 रनों से हार, लगातार दूसरे मैच में रोहित ब्रिगेड रही फ्लॉप



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत और श्रीलंका के बीच दूसरा वनडे मैच खेला गया। जिसमें भारतीय टीम का फ्लॉप प्रदर्शन देखने को मिला। वहीं इस मैच में मेजबान श्रीलंका ने रोहित ब्रिगेड को 32 रन से हराकर सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली है। पहले बल्लेबाजी करते हुए श्रीलंका ने 50 ओवरों में 9 विकेट के नुकसान पर 240 रन बनाए। जबकि भारतीय टीम 42.2 ओवर में 208 रन पर ही पूरी टीम सिमट गई। इस दौरान श्रीलंका की तरफ से जेफरी वैंडर्से ने 6 विकेट झटके। साथ ही कप्तान चरिथ असलंका ने तीन विकेट अपने नाम किए। भारत की शुरुआत धमाकेदार रही, शुभमन गिल और रोहित शर्मा के बीच 97 रन की बेहतरीन साझेदारी हुई। कप्तान रोहित शर्मा 44 गेंद में 64 रन बनाकर आउट हुए। शुभमन गिल 35 और शिवम दुबे बिना खाता खोले पवेलियन लौटे। इसके बाद विराट कोहली 19 गेंद में 14, श्रेयस अय्यर 9 गेंद में सात और केएल राहुल बिना खाता खोले ही आउट हो गए। शुरुआत में ही भारत के सभी 6 विकेट जेफरी वेंडरसे ने लिए। टॉस जीत कर बल्लेबाजी करने उतरी श्रीलंका के लिए अविष्का फर्नांडो ने 40 रन, कामिंदु मेंडिस ने 40 रन, दुनिथ वेलालागे ने 39 और कुसल मेंडिस ने 30 रन का योगदान दिया। श्रीलंकाई टीम छह विकेट पर 136 रन बनाकर जूझ रही थी लेकिन पिछले मैच में अर्धशतक जड़ने वाले वेलालागे और कामिंदु मेंडिस के बीच सातवें विकेट के लिए 72 रन की साझेदारी से इस स्कोर तक पहुंची।हालांकि श्रीलंका को पहला झटका तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज ने दिया जिन्होंने बेहतरीन इनस्विंगर से फॉर्म में चल रहे पाथुम निसांका को विकेट के पीछे केएल राहुल के हाथों कैच आउट कराया। फिर अविष्का फर्नांडो (62 गेंद, पांच चौके) और कुसल मेंडिस (42 गेंद, तीन चौके) ने नयी गेंद पर दूसरे विकेट के लिए 74 रन की भागीदारी निभाई। लेकिन जब दोनों ओर से स्पिनरों ने गेंदबाजी शुरू की तो रन गति धीमी होने लगी। फिर ये दोनों सुंदर का शिकार बने। सदीरा समरविक्रमा इसके बाद अक्षर पटेल (38 रन देकर एक विकेट) की गेंद पर विराट कोहली को कैच दे बैठे।

## श्रीलंका के वानिंदु हसरंगा भारत के खिलाफ वनडे श्रृंखला से बाहर

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** श्रीलंका के ऑलराउंडर वानिंदु हसरंगा हैमस्ट्रिंग की चोट के कारण भारत के खिलाफ चल रही तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला से बाहर हो गए हैं। पहला वनडे टाई छूटने के बाद भारत और श्रीलंका दूसरे वनडे में रविवार को यहां आर प्रेमदासा स्टेडियम में आमने-सामने होंगे। हसरंगा पहले वनडे में अपने अंतिम ओवर के दौरान असहज महसूस कर रहे थे। हसरंगा की जगह जेफरी वांडरसे को टीम में शामिल किया गया है लेकिन उनके बाहर होने से श्रीलंका का गेंदबाजी आक्रमण कमजोर हो गया है क्योंकि मथीशा पथिराना, दिलशान मदुशंका, दुष्मंथा चमीरा और नुवान तुषारा चोटिल होने के कारण पहले ही बाहर हैं।

श्रीलंका क्रिकेट ने विज्ञप्ति में कहा,''वानिंदु हसरंगा बायीं हैमस्ट्रिंग में चोट के कारण एक दिवसीय श्रृंखला के बाकी मैचों में नहीं खेल पाएंगे। उनकी जगह जेफरी वांडरसे को टीम में लिया गया है।'' भारत और श्रीलंका के बीच तीसरा और अंतिम वनडे इसी मैदान पर सात अगस्त को खेला जाएगा।

## इस पूर्व खिलाड़ी ने किया बड़ा दावा, कहा- गौतम गंभीर ज्याद समय तक नहीं टिकेगा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** गौतम गंभीर हाल ही में टीम इंडिया के हेड कोच नियुक्त किए गए। उनकी कोचिंग में टीम इंडिया ने श्रीलंका के खिलाफ टी20 सीरीज अपने नाम किया। वहीं मौजूदा समय में भारत श्रीलंका के खिलाफ वनडे सीरीज खेल रही है। लेकिन इस बीच गौतम गंभीर के टीम मेट रहे और पूर्व खिलाड़ी जोगिंदर शर्मा ने बड़ा दावा करते हुए कहा है कि गंभीर ज्यादा समय तक इस पद पर नहीं टिक पाएंगे।

दरअसल, गौतम गंभीर ने टी20 वर्ल्ड कप के बाद राहुल द्रविड़ की जगह ली है। वहीं जोगिंदर शर्मा का मानना है कि गौतम गंभीर चापलूसी करने वाले इंसान नहीं हैं, साथ ही उन्होंने ये भी कहा कि उनके कुछ फैसलों से खिलाड़ियों के साथ मन मुटाव



हो सकते हैं। बता दें कि, शुभांकर मिश्रा के यूट्यूब चैनल पर जोगिदंर शर्मा ने गौतम गंभीर को लेकर कहा कि, गौतम गंभीर टीम को संभालने वाला है लेकिन मेरा ये मानना है कि गौतम गंभीर ज्यादा लंबे समय तक टिक नहीं पाएगा। क्योंकि गंभीर के अपने ही कुछ फैसले होते हैं। हो सकता है किसी खिलाड़ी से मन मुटाव हो जाए। मैं विराट कोहली की बात नहीं कर रहा हूं। गौतम गंभीर के फैसले कई बार ऐसे हो जाते हैं कि दूसरे को पसंद नहीं आते। उन्होंने आगे कहा, गौतम गंभीर सीधी बात करने वाला है। वो किसी के पास जाने वाला नहीं है। गौतम गंभीर चापलूसी करने वाला बंदा नहीं है। उसको क्रेडिट देने वाले हम लोग हैं। वो अपना काम करता है, सच्चे दिल ससे करता है, बड़ी ईमानदारी से करता है। गौतम गंभीर का भारतीय टीम के साथ बतौर हेड कोच कॉन्ट्रैक्ट वर्ल्ड कप 2027 तक का है। इस दौरान टीम इंडिया को 2025 चैंपियंस ट्रॉफी 2026 टी20 वर्ल्ड कप और 2027 वर्ल्ड कप जैसे तीन आईसीसी इवेंट खेलने हैं। इसके अलावा भारत आईसीसी वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप का फाइनल भी खेल सकता है।

## अमेरिका के नोआ लाइल्स को स्वर्ण मिलने पर उठे सवाल

**पेरिस (एजेंसी)।** पेरिस ओलंपिक में अमेरिका के नोआ लाइल्स को पुरुष 100 मीटर के इवेंट में स्वर्ण मिलने पर सवाल उठने लगे हैं। इसका कारण है कि जमैका के किशन थॉम्पसन का पैर पहले लाइन के पार हुआ था। इस दौरान सभी धावकों की टाइमिंग तकरीबन बराबर रही।

इस जीत के साथ ही अमेरिका के नोआ दुनिया के सबसे तेज धावक बन गए हैं। वहीं थॉम्पसन दूसरे नंबर पर रहे। रेस समाप्त होने के बाद तक किसी को पता नहीं था कि विजेता कौन है। 100 मीटर की रेस में लाइल्स और थॉम्पसन ने तकरीबन एक साथ ही फिनिशिंग लाइन को पार किया था। इसके बाद स्वर्ण का फैसला रिप्ले में हुआ। इसमें पता चला कि लाइल्स 0.005 सेकंड से मुकाबला जीत गये हैं।

फाइनल का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर आया है। इसमें स्वर्ण विजेता अमेरिका के लाइल्स से पहले थॉम्पसन का पैर फिनिशिंग लाइन को पार करते हुए दिखा है। इसके बाद सभी इससे हैरान हैं कि अमेरिकी धावक को कैसे विजेता घोषित कर दिया गया। नियम के अनुसार किसी भी रेस में फिनिशिंग लाइन को पहले बार करने वाला धावक विजेता माना



जाता है। ऐसे में सवाल उठता है कि फिनिशिंग लाइन तो थॉम्पसन ने पार की फिर नोआ लाइल्स को कैसे जीता हुआ माना लिया गया। वहीं नियम के अनुसार धावक के पैर या हाथ के फिनिशिंग लाइन पार करने से दौड़ पूरी नहीं मानी जाती। ये तब पूरी मानी जाती है जब धावक का सीना फिनिश लाइन को पार कर ले।

## आईसीसी उठाएगा बड़ा कदम, भारत के पाकिस्तान ना जाने पर ....

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** चैंपियंस ट्रॉफी को लेकर भारत और पाकिस्तान के बीच खींचतान जारी है। वहीं इस विषय पर काफी चर्चा हो रही है। क्योंकि पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड चाहता है कि भारतीय टीम पाकिस्तान आए, लेकिन भारतीय टीम किसी भी कीमत पर पाकिस्तान जाने के लिए तैयार नहीं है। इस बीच एक बड़ा संकेत मिला है कि पीसीबी को एशिया कप 2023 की तरह आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी भी हाइब्रिड मॉडल के तहत आयोजित करनी पड़ सकती है। यहां तक कि इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल यानी आईसीसी भी इसके लिए तैयार है और आईसीसी ने इसके लिए बजट भी लगाया फाइनल कर लिया है। क्रिकबज की रिपोर्ट के अनुसार, आईसीसी ने चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के लिए 65 मिलियन डॉलर यानी करीब साढ़े 500 करोड़ रुपये का बजट तैयार किया है।



इसमें ये बात भी बताई गई है कि अगर पाकिस्तान के बाहर मैच आयोजित किए जाएं तो इसी में से पैसे खर्च किए जाएंगे। 65 में से 20 मिलियन डॉलर इनामी राशि इस टूर्नामेंट में होगी। 19 फरवरी से 9 मार्च तक खेले जाने वाले इस इवेंट के लिए पाकिस्तान में तैयारी हो रही है।

हालांकि, भारत की भागीदारी या अनुपस्थिति के अहम मुद्दे पर आईसीसी एजीएम में ज्यादा चर्चा नहीं की गई, लेकिन किसी भी स्थिति के लिए एक आकस्मिक योजना बनाई गई है। बता दें कि, आईसीसी ने चैंपियंस ट्रॉफी 2024 के लिए लगभग 35 मिलियन डॉलर की राशि तय की है। इसके अलावा टूर्नामेंट में शामिल होने वाली टीमों और पुरस्कार राशि के लिए अतिरिक्त 20 मिलियन डॉलर खर्च होने हैं। वहीं, 15 मैचों के इस 20 दिवसीय टूर्नामेंट के टेलीविजन से जुड़ी लागतों के लिए 10 मिलियन डॉलर स्वीकृत किए गए हैं। हालांकि, आईसीसी की तरफ से आधिकारिक ऐलान इसका नहीं हुआ है। साथ ही कुछ रिपोर्ट्स में दावा किया है कि ऐसा ही होने वाला है। इससे साफ कहा जा सकता है कि भारत के मैच पाकिस्तान से बाहर आयोजित होने हैं, जिसमें दुबई सबसे आगे है।

### समय सीमा की बैठक में कलेक्टर ने दिये निर्देश

# बारिश के मौसम में एलर्ट रहे अधिकारी



**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** कलेक्टर अनुराग वर्मा ने बारिश के मौसम में सभी अधिकारियों को एलर्ट मोड पर रहने को कहा है। उन्होंने कहा कि अतिवर्षा या बाढ की स्थिति में स्कूल, आंगनवाडी, सामुदायिक भवन या अन्य कोई भी भवन जो जर्जर हो या दुर्घटना संभावित हो वहां कोई गतिविधियों का संचालन नहीं किया जाये। सोमवार को समय सीमा प्रकरणों की बैठक में अतिवर्षा और जल भराव के संबंध में चर्चा करते हुए कलेक्टर ने कहा कि नदी, नालों, जलाशयों और झरनों के जल स्तर पर नजर रखे तथा किसी भी प्रकार की दुर्घटना रोकने आवश्यक प्रतिबंधात्मक उपाय करें। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत संजना जैन, अपर कलेक्टर स्वप्निल वानखडे, एसडीएम एपी द्विवेदी, जीतेन्द्र वर्मा, आरएन खरे, सुधीर बेक, नीरज खरे, राहुल सिलाडिया, सभी तहसीलदार, जनपद सीईओ एवं नगरीय निकाय के सीएमओ, विभाग प्रमुख अधिकारी उपस्थित थे।

कलेक्टर ने कहा कि एसडीएम जनपद सीईओ और नगरीय निकाय के सीएमओ बारिश के समय अपने निचले स्तर के सूचना तंत्र मजबूत करें ताकि कोई भी जानकारी जिला स्तर पर तत्काल पहुंचे। उन्होंने कहा कि सभी नगरीय निकाय, जनपद सीईओ और शिक्षा विभाग के अधिकारी सभी स्कूलों को चेक कर ले। शाला भवन सहित उसके आस-पास भी कोई ऐसी इमारत या भवन नहीं हो जिसके गिरने से अप्रिय घटना घटित हो। सभी 2860 स्कूलों के प्राचार्य और प्रधानाचार्य से इस आशय का प्रमाण पत्र लें कि स्कूल भवन और उसके आस-पास कोई भी इमारत नहीं है, जो बरसात में गिर सकें। आंगनवाडी केन्द्र, सामुदायिक भवन सभी शासकीय भवन एवं जर्जर क्षति ग्रस्त निजी भवनों का चिन्हांकन कर ले और उन्हें डिसमेंटल करने या बैरिकेट लगाकर सुरक्षित करने की कार्यवाही करे। ग्रामीण क्षेत्रों के स्वास्थ्य केन्द्रों में चिकित्सक और पैरामेडीकल स्टाफ जिसकी नियुक्ति है वह मुख्यालय पर मिलने चाहिए। चिकित्सक और स्टाफ के डयूटी में नहीं रहने पर सीएमएचओ उनके खिलाफकार्यवाही करें। कलेक्टर ने कहा कि असावधानी बस कोई अप्रिय दुर्घटना होने पर संबंधित के खिलाफ जिम्मेदारी निर्धारित की जायेगी। कलेक्टर ने कहा कि आरबीसी के राहत प्रकरणों में शीघ्रतापूर्वक 3 दिवस के भीतर सहायता राशि का भुगतान सुनिश्चित करें।

सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा में कलेक्टर ने कहा कि जुलाई माह की प्राप्त कुल 11908 शिकायतों के 27 प्रतिशत संतुष्टिपूर्ण निराकरण के साथ 58.14 कुल वेटेज स्कोर प्राप्त कर जिला 10वें स्थान पर है। पिछली समीक्षा बैठक में छठवें स्थान पर रहा जिला इस सप्ताह कोई काम नहीं करने से 10वें पायदान पर जा पहुंचा है। इस सप्ताह 391 शिकायतें बढ़ी है। सीएम हेल्पलाइन में कुल 15411 शिकायतें लंबित हैं। जिनमें सर्वाधिक 1477 राजस्व विभाग की है। कलेक्टर ने राजस्व विभाग की शिकायतों की तहसीलवार समीक्षा की। उन्होंने सर्वाधिक 604 रामपुर बघेलान, 361 बिरसिंहपुर, 294 मझगवां, 292 कोटर में लंबित रहने पर अप्रसन्नता जाहिर की। जिला पंचायत और ग्रामीण विकास की शिकायतों की समीक्षा में कलेक्टर ने कहा कि ग्रेडिंग के समय ही सीएम हेल्पलाइन शिकायत निराकरण के बजाय इसे नियमित आधार पर करें। सीएम हेल्पलाइन का मोटिव ग्रेडिंग में आना नहीं बल्कि आम लोगों को उनकी समस्याओं का शीघ्र समाधान देना है। नगर निगम और नगर पंचायतों को बारिश के मौसम में हाईपर एक्टिव मोड में काम करने के निर्देश कलेक्टर ने दिये। संबल की 206 शिकायतें पेंडिंग होने पर कलेक्टर ने सहायक श्रमायुक्त हेमन्त डेनियल से शिकायतों की प्रवृत्ति के बारे में जानना चाहा। श्री डेनियल द्वारा इस संबंध में जानकारी प्रस्तुत नहीं कर पाने पर कलेक्टर ने अप्रसन्नता व्यक्त करते हुए विभागीय कमिश्नर को निलंबन प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिये।

**संबंधित अधिकारियों पर प्रति शिकायत 250 रूपये का जुर्माना:** कलेक्टर अनुराग वर्मा ने सीएम हेल्पलाइन में एल-1 स्तर के अधिकारियों और एल-2 अधिकारियों द्वारा बिना अटेण्ड की शिकायतों के उच्च स्तर पर पहुंचने को गंभीरता से लिया है। उन्होंने कहा कि बीएमओ मझगवां के पास से 26 शिकायतें एल-1 स्तर से नाट अटेण्ड गई है। इनके विरूद्ध 250 रूपये प्रति शिकायत जुरमाने के साथ निलंबन का नोटिस जारी करे। एल-1 स्तर पर कुल 113 शिकायतें नाट अटेण्ड की श्रेणी में पाई गई है। जिनमें संबंधित अधिकारियों के विरूद्ध 250 रूपये प्रति शिकायत के मान से जुर्मानि की राशि वसूल कर तत्संबंधी खाते में जमा कराने के निर्देश दिये गये। इन अधिकारियों में सीएमएचओ डॉ. एलके तिवारी, सहायक आयुक्त नगर निगम, सीईओ नागौद, सोहावल, मझगवां, तहसीलदार श्री कुशराम कमलेश भदौरिया के नाम शामिल हैं। इसी प्रकार सीएम हेल्पलाइन में लेबल एल-2 पर 37 शिकायतें नाट-अटेण्ड पाई गई है। जिनमें सर्वाधिक सीएमएचओ सतना की 24 शिकायतें शामिल है। इनमें सीएमएचओ डॉ. तिवारी, जीपी मिश्रा, आरपी सिंह, एलआर जांगडे पर प्रति शिकायत 250 रूपये जुर्माना की राशि अधिरोपित की गई है।

सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों के निराकरण में संस्थागत वित्त विभाग का काम श्रेष्ठ पाया गया। कलेक्टर अनुराग वर्मा ने संस्थागत वित्त के प्रकरणों का निराकरण करने के अच्छे कार्य के लिए अग्रणी जिला प्रबंधक गौतम शर्मा को बधाई देकर प्रोत्साहित किया। कलेक्टर अनुराग वर्मा ने राजस्व महाअभियान 2.0 के तहत आरसीएमएस पोर्टल पर दर्ज नामांतरण बंटवारा, नक्शा तरमीम, राजस्व प्रकरण एवं स्वामित्व योजना, ई-केवायसी राजस्व कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि अगले हफ्ते तक एक भी टाइम लाइन का राजस्व प्रकरण लंबित नहीं रहना चाहिए। स्वामित्व योजना की समीक्षा में कलेक्टर ने कहा कि 85 गावों के स्वामित्व के पट्टे 15 अगस्त को बांटे जाने है। उन्होंने कहा कि नक्शा विहीन गांवों के 285 ग्राम में 80-90 पटवारी हल्के आते है। इन सभी पटवारियों द्वारा मैपिंग का कार्य फइनल करने तक इनके वेतन पर रोक रहेगी। राजस्व कार्यों में अपेक्षित प्रगति नहीं पाये जाने पर असंतोष व्यक्त करते हुए कलेक्टर ने कहा कि सुधार नहीं होने पर प्रत्येक टीएल बैठक में तहसीलदारों से सीधे प्रगति की समीक्षा की जायेगी।

**बरसात में रेस्टोरेशन का काम तेजी से करें:** जल निगम के कार्यों की समीक्षा में रेस्टोरेशन कार्य में धीमी गति पाये जाने पर कलेक्टर ने अप्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि पाइपलाइन बिछाने का कार्य भले ही धीमा रहे लेकिन बरसात में रेस्टोरेशन का कार्य शीघ्रता से करें। एसडीओ जल निगम साक्षी सिंह ने बताया कि 85 किमी की डैमेज में 74 किमी में सीसी रेस्टोरेशन कम्पलीट किया है।

## मछली व्यवसाई का मिला शव, सड़क पर बैठे परिजन

### हत्या का मामला दर्ज करने की मांग

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** सेमरिया थाना अतंर्गत जलमोहरा बाध में सोमवार को एक शव मिला है। इसकी पहचान मछली व्यवसाई दौलत सिंह के रूप में की गई है। परिजनों ने व्यवसायिक साझेदार पर हत्या का आरोप लगाते हुए मामला दर्ज करने की मांग को लेकर सेमरिया स्थित सतना तिराहे पर बैठ गए। इसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस परिजनों को समझाइश देकर पोस्टमार्टम उपरांत शव परिजनों को सौंप दिया है। साथ ही पुलिस में अब पीएम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है।

परिजनों ने बताया कि मृतक दौलत सिंह का एक दिन पहले ही अपने पाटर्नर से विवाद हुआ था। इसके बाद वह नहीं लौटे। जब उनकी खोज प्रांरभ की गई तो वह जलमोहरा बांध पहुंचे इसके बावजूद साझेदार उन्हें जानकारी नहीं देकर इधर-उधर भटकता रहा है। परिजनों ने कहा आरोपियों ने उन्हें पीटकर पानी डूबाकर हत्या कर दी है। इस घटना के बाद पूरे में क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। सतना तिराहे में सड़क पर जाम लगाने से घंटो वाहनों की कतारे लग गई।

## महिला के साथ लूट करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** शहर के कोठी कपाउंड में एक महिला का बैग लूटने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस बाइक की मदद से आरोपियों को पहुंची। घटना में शामिल सागर विश्वकर्मा व रामकृष्ण शुक्ला दोनों निवासी बैकुंठपुर को पकड़ा है। आरोपियों से पुलिस ने लूट के बैग भी बरामद किया है। पुलिस आरोपियों से पूछतांछ कर अन्य घटनाओं की भी पताशाजी कर रही है।

बता दें कि कोठी कम्पाउंड के पास महिला का बैग छीनकर आरोपी जीडीसी कॉलेज की ओर भागे थे, लेकिन आगे रास्त बंद होने के कारण वह अपनी बाइक छोड़कर चल दिए। इस पर पुलिस ने बाइक जप्त कर चेचिस नम्बर के आधार पर आरोपियों तक पहुंच गई।

## जिले में 16 साल तक के बच्चों को लगेंगे डीपीटी के टीके

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** डिप्थीरिया से बचाव के लिए जिले में 8 अगस्त से विशेष टीकाकरण अभियान शुरू किया जा रहा है। अभियान के तहत पाँच साल से 16 वर्ष तक की आयु के अनुमानित 126994 बच्चों को डीपीटी तथा टीडी के टीके लगाए जाएंगे। बच्चों के टीकाकरण के लिए प्रत्येक गुरूवार को शासकीय स्कूल में टीकाकरण शिविर लगेंगे। टीकाकरण अभियान के तैयारियों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने कहा कि जिला शिक्षा अधिकारी स्कूलों में दर्ज पाँच साल से 16 वर्ष तक की आयु के सभी बच्चों की स्कूलवार सूची मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को दो दिवस में उपलब्ध करा दें। साथ ही स्कूल में प्रार्थना के बाद तथा बाल सभा के बाद बच्चों को डिप्थीरिया के टीकाकरण की जानकारी दें। सूची में शामिल सभी बच्चों का स्वास्थ्य विभाग से समन्वय बनाकर टीकाकरण कराएं।

बैठक में डॉ सुनील अवस्थी ने टीकाकरण अभियान की जानकारी देते हुए बताया कि विशेष अभियान में 16 साल तक के सभी बच्चों को डीपीटी के टीके लगाए जाएंगे। पाँच से छह साल के बच्चों को डीपीटी के टीके लगेंगे। इससे अधिक आयु के तथा 16 साल तक के बच्चों को टीडी के टीके लगाए जाएंगे। इसके लिए सभी शासकीय स्कूलों में शिविर लगाए जाएंगे। शिविर लगाने के लिए चार हजार चार सौ 98 स्कूल निर्धारित कर दिए गए हैं। इनमें एक लाख 26 हजार 994 बच्चों को टीके लगाए जाएंगे। टीकाकरण अभियान 8 अगस्त से शुरू होगा। इसके बाद अगस्त, सितम्बर तथा अक्टूबर माह में प्रत्येक गुरूवार को स्कूलों में शिविर लगाकर डीपीटी के टीके लगाए जाएंगे। डीपीटी और टीडी बहुत ही सुरक्षित टीका है। इसको लगाने के बाद बच्चों में डिप्थीरिया, काली खाँसी और टिटनेस से पूरी तरह से बचाव होगा। टीकाकरण के लिए आँगनवाड़ी केन्द्रों तथा अस्पतालों में भी शिविर लगाए जाएंगे। डॉ अवस्थी ने टीकाकरण अभियान के लिए बनाई गई कार्य योजना की बिन्दुवार जानकारी दी।

### सतना जिले में अब तक 444 मि.मी. वर्षा दर्ज

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** जिले में इस वर्ष 1 जून से 5 अगस्त 2024 तक 444 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख सतना से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक जिले की सतना (रघुराजनगर) तहसील में 760.9 मि.मी., सोहावल (रघुराजनगर) में 308.8 मि.मी., बरौंधा (मझगवां) में 471.4 मि.मी, बिरसिंहपुर में 383 मि.मी., रामपुर बाघेलान में 328 मि.मी., नागौद में 525.4 मि.मी., जसो (नागौद) में 222.7 मि.मी. एवं उचेहरा में 552 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई है। जिले की औसत सामान्य वर्षा 891.7 मि.मी. है। गत वर्ष इस अवधि में 384.8 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई थी।

### जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक आज

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** मैहर जिले में खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भण्डारण की रोकथाम हेतु जिला स्तरीय टास्क फोर्स समिति का गठन किया गया है। 6 अगस्त 2024 को दोपहर 1 बजे कलेक्टर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष मैहर में टास्क फोर्स की बैठक आयोजित की गई है।

## ग्राम पंचायत डेल्हा में किया गया कीटनाशक दवाई का छिडकाव



**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** मैहर कलेक्टर श्रीमती रानी बाटड के निर्देशन पर सोमवार को डायरिया के संक्रमण के फैलाव को कम करने के लिए ग्राम पंचायत डेल्हा में समय-समय पर मैहर सीमेंट वर्क्स द्वारा समय-समय पर कीटनाशक दवाई का छिड़काव किया गया। इस अवसर पर डेल्हा सरपंच अभिषेक जायसवाल उपस्थित रहे।

## जिला प्रोत्साहन योजना में 124 कार्यों के लिये प्रशासकीय मंजूरी जारी

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** राज्य सरकार के लोक परिसम्पति प्रबंधन विभाग के अधीन नवीन योजना 'लोक परिसम्पत्ति प्रबंधन जिला प्रोत्साहन' योजना में जिले की आधारभूत संरचनाओं को और अधिक बेहतर और सुदृढ़ करने के लिये आवश्यकता एवं प्रस्ताव अनुसार धनराशि आवंटित की जाती है। लोक परिसम्पतियों का सुचारू प्रबंधन करने के लिये विभाग द्वारा गत वित्त वर्ष 2023-24 में निर्वर्तित परिसम्पत्ति से 14 जिलों को पात्रतानुसार वांछित धनराशि जारी की गई है। योजना में विभाग द्वारा 14 जिलों से प्राप्त प्रस्ताव के अनुसार 124 कार्यों की पूर्णता के लिये कुल 78 करोड़ 96 लाख 46 हजार रूपये की प्रशासकीय स्वीकृति जारी की गई है। योजना क्रियान्वयन (कार्य पूर्णता) के लिये विभाग द्वारा गुना जिले में 14 कार्यों के लिये 89 लाख 81 हजार रूपये, जबलपुर में 31 कार्यों के लिये 8 करोड़ 77 लाख 93 हजार रूपये, दमोह में एक कार्य के लिये 31 लाख 74 हजार रूपये, कटनी में सात कार्यों के लिये 27 लाख 82 हजार रूपये, ग्वालियर में 6 कार्यों के लिये 3 करोड़ 87 लाख 51 हजार रूपये, इंदौर में 4 कार्यों के लिये 19 करोड़ 33 लाख 51 हजार रूपये एवं छिंदवाड़ा जिले में 22 कार्यों के लिये एक करोड़ 83 लाख 75 हजार रूपये, की प्रशासकीय स्वीकृति दी गई है। इसी प्रकार सागर जिले में 4 कार्यों के लिये 13 करोड़ 48 लाख 23 हजार रूपये, भोपाल में 6 कार्यों के लिये 20 करोड़ 19 लाख 44 हजार रूपये, धार में 3 कार्यों के लिये 3 करोड़ 8 लाख 75 हजार रूपये, खरगोन में 17 कार्यों के लिये 5 करोड़ 5 लाख 28 हजार रूपये, सतना में 7 कार्यों के लिये एक करोड़ 6 लाख 25 हजार रूपये, नर्मदापुरम में एक कार्य के लिये 30 लाख 9 हजार रूपये तथा आगर-मालवा जिले में एक कार्य के 46 लाख 35 हजार रूपये की प्रशासकीय स्वीकृति विभाग द्वारा जारी की गई है। वर्तमान वित्त वर्ष 2024-25 में इस नवीन योजना में विगत वित्त वर्ष में मंजूर किये गये तथा प्रशासकीय स्वीकृति भी जारी होने वाले निर्माण कार्यों में काम प्रारंभ हो गया है।

## जिले में वर्षा का दौर थमा, नदी-नालों का जल स्तर उतार पर

### जिले में अब तक 275.6 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज



**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** जिले में तीन दिनों से हो रही लगातार वर्षा के बाद 4 अगस्त को वर्षा का दौर थम गया। जिले में 5 अगस्त को 2.7 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। लगातार वर्षा के कारण बीहर, बिछिया और टमस नदों सहित अन्य नदी-नालों के जल स्तर में 4 अगस्त को तेजी से वृद्धि हुई थी। रीवा शहर की बिछिया, निपनिया, झिरिया तथा बाँसघाट बस्तियों के कई घरों तक पानी पहुंच गया था। वर्षा का दौर थमने से 4 अगस्त को रात 10 बजे के बाद नदियों का जल स्तर घटना शुरू हो गया। जिले में 5 अगस्त को नदी-नालों का जल स्तर उतार पर है। जिले के किसी भी क्षेत्र में बाढ़ की स्थिति नहीं है। नदी-नाले सामान्य जल स्तर पर बह रहे हैं। प्रशासन किसी भी स्थिति से निपटने के लिए लगातार तैयारी बनाए हुए है।

जिले में एक जून से अब तक कुल 275.6 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। इस संबंध में अधीक्षक भू अभिलेख ने बताया कि इस अवधि में तहसील हुजूर में 324.7 मिलीमीटर, रायपुर कर्चुलियान में 134.5, गुढ़ में 442 मिलीमीटर, सिरमौर में 326.8 मिलीमीटर, त्योंथर में 155.5 मिलीमीटर, सेमरिया में 254 मिलीमीटर, मनगवां में 394 मिलीमीटर तथा तहसील जवा में 173 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। जिले में गत वर्ष इसी अवधि में 436.9 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई थी। गत वर्ष की तुलना में इस वर्ष इसी अवधि में 161.3 मिलीमीटर कम वर्षा हुई है। जिले की औसत वार्षिक वर्षा 1044.6 मिलीमीटर है।

**रीवा संभाग में अब तक 487.82 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज:** रीवा संभाग में एक जून से अब तक कुल 487.82 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। संभाग में 5 अगस्त को 4.68 मिलीमीटर दैनिक वर्षा दर्ज की गई। अब तक संभाग के रीवा जिले में 275.6 मिलीमीटर, सतना में 444 मिलीमीटर, मऊगंज में 417.7 मिलीमीटर, मैहर में 640.7 मिलीमीटर, सीधी जिले में 568.9 मिलीमीटर तथा सिंगरौली जिले में 580 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। गत वर्ष इसी अवधि में संभाग में 345.13 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई थी। रीवा संभाग की औसत वार्षिक वर्षा 1070.37 मिलीमीटर है।

### जिला स्तरीय विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरम के शिविर का आयोजन 8 को

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** म.प्र.पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड अमरपाटन के कार्यपालन अभियंता ने बताया कि जिले के समस्त विद्युत उपभोक्ताओं को जिनके द्वारा वितरण केन्द्र स्तर पर गलत विद्युत देयकों के सुधार अथवा मीटर आदि से संबंधित शिकायतें की गई हो और उनका निराकरण लंबित होने पर उपभोक्ता लंबित शिकायतों के निराकरण के लिए अध्यक्ष जिला स्तरीय विद्युत शिकायत निवारण फोरम द्वारा शिविर का आयोजन होगा।

## मेगा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन 29 से

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल के निर्देश पर रीवा जिला मुख्यालय में 29 अगस्त से तीन दिवसीय मेगा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जायेगा। इसी प्रकार त्योंथर में एक सितंबर को, डभौरा में 2 सितंबर को, सिरमौर में 3 सितंबर को तथा मऊगंज में 4 सितंबर को मेगा स्वास्थ्य शिविर आयोजित होगा। अरविंदों चिकित्सालय इंदौर के कुशल चिकित्सा विशेषज्ञों के दल द्वारा संभाग में असंचारी रोगों, ब्लड प्रेशर, डायविटीज, स्टोक तथा कैंसर संबंधी रोगों की स्क्रीनिंग की जाकर समुचित उपचार किया जायेगा।

कलेक्टर प्रतिभा पाल ने अरविंदों अस्पताल के चिकित्सक डॉ. विनोद भण्डारी से शिविर आयोजन के विषय में जानकारी ली। स्वास्थ्य शिविर में चलित डायग्नोस्टिक बसों में कैंसर स्क्रीनिंग हेतु ब्रोस्ट स्क्रीनिंग, सरवाइकल कैंसर, ओरल कैंसर की स्क्रीनिंग की जायेगी तथा मरीजों को इलाज किया जायेगा। इसी प्रकार आई क्लीनिक बस द्वारा मोतियाविंद एवं अन्य नेत्र रोग संबंधित बीमारियों की अत्याधुनिक मशीनों द्वारा जांच की जायेगी। कलेक्टर ने शिविर आयोजन के लिये व्यवस्थाओं की प्रारंभिक तैयारियों की जानकारी प्राप्त की तथा आवश्यक निर्देश दिये। बैठक में उपस्थित चिकित्सकों को निर्देश दिये कि शिविर आयोजन से पूर्व प्री स्क्रीनिंग के लिये शिविर लगाकर चिन्हांकन करें ताकि इंदौर के चिकित्सकों द्वारा परीक्षण के समय चिन्हांकित मरीजों को बेहतर इलाज मिल सके। बैठक में अपर कलेक्टर सपना त्रिपाठी, डीन डॉ. सुनील अग्रवाल अधीक्षक डॉ. राहुल मिश्रा, डॉ. अक्षय वास्तव, डॉ. नरेश बजाज, डॉ. कल्पना यादव सहित चिकित्सक उपस्थित रहे। वीसी में सीएमएचओ डॉ. संजीव शुक्ला भी जुड़े।

## अवैध विकसित कालोनियों के विरूद्ध की गई कार्यवाही

### नदी के किनारे अवैध कालोनियों पर सख्ती



**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** . कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल के निर्देश पर शहर में अवैध विकसित कालोनियों के विरूद्ध कार्यवाही की गई। एसडीएम हुजूर वैशाली जैन ने प्रशासनिक अमले के साथ अवैध विकसित कालोनियों का निरीक्षण किया तथा बिना अनुमति एवं नियमों का पालन न करते हुए विकसित की जा रही कालोनियों के विरूद्ध कार्यवाही की।

एसडीएम द्वारा करहिया पुल के समीप नदी के किनारे बनाई जा रही शाही बिल्डर्स में निर्माण कार्य को रोका गया बिल्डर्स द्वारा एनजीटी की गाइडलाइन का उल्लंघन कर कालोनी विकसित की जा रही है तथा नदी के तट पर सटाकर कालोनी का निर्माण किया जा रहा है। इसी प्रकार शांति विलास कालोनी में नाले से कब्जा हटाने के निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान शांति रायल स्टेट के बिना अनुमति निर्माण कार्य को हटाया गया।

कलेक्टर ने बताया कि नदी के किनारे नियम विरूद्ध विकसित की जा रही तथा मापदण्डों को पूरा न करने वाली कालोनियों के विरूद्ध कार्यवाही की गई। नदी का बहाव सकरा न हो तथा एनजीटी का पालन हो इसलिए यह कार्यवाही की गई।

## करोड़ों की लागत से बना इको पार्क फिर जमींदोज की कगार पर



**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** शहर की जीवनदायनी बीहर नदी पर बिना दूरगामी सोच और बिना नगर निगम की अनुमति के बनाया गया इको पार्क पहली बारिश में ही जमींदोज होने की कगार पर पहुंच चुका है। जो गुजरात के मोरबी से भी बड़ी घटना को आमंत्रण देता दिखाई दे रहा है। संयुक्त किसान मोर्चा के संयोजक समाजवादी नेता शिव सिंह एडवोकेट ने कहा कि 20 अगस्त 2016 को आई भीषण बाढ़ में भी स्थानीय सत्ताधीश की चहेती कंपनी रुचि रियलिटी होल्डिंग प्राइवेट लिमिटेड इंदौर द्वारा बनाया गया इको पार्क पुल चालू होने के पहले ही जमींदोज हो गया था। जिसके बाद 2019 में कांग्रेस सरकार ने प्रोजेक्ट निरस्त कर दिया था। लेकिन इसके बाद भाजपा के नेताओं ने फिर से प्रोजेक्ट को चालू कराने का काम किया। जबकि समय-समय पर हमने शासन प्रशासन को ज्ञापन पत्रों के माध्यम से प्रोजेक्ट को जनमानस के लिए खतरा बताकर रोक लगाने की मांग की। लेकिन स्थानीय भाजपा नेताओं ने बिना नगर निगम की अनुमति के ही प्रोजेक्ट का निर्माण कराकर 24 सितंबर 2023 को चालू करा दिया। शिव सिंह ने यह भी बताया कि बड़ी पुल एवं छोटी पुल के बीचोंबीच बीहर नदी के टापू पर 5.20 हेक्टेयर भू-भाग पर निर्मित ईको पार्क के निर्माण के मंजूरी के संबंध में सूचना अधिकार अधिनियम के तहत जानकारी चाही गई थी जिसमें बताया गया था कि ईको पार्क के निर्माण की कोई मंजूरी विभाग से जारी नही है। जहां नगर निगम स्वयं अपने ही नियमों को ताक पर रख कर अपने ही द्वारा बनाये गये कानूनों की धज्जियां उड़ा डाली यहां तक कि स्वयं वन विभाग ने सौदर्यीकरण के नाम पर पहले उक्त जमीन को अधिग्रहीत किया इसके बाद स्थानीय नेता की सिफारिश पर प्राइवेट व्यक्ति को इको पार्क के लिये लीज में दे दिया। यहां स्पष्ट करना चाहते है कि नगर पालिक निगम के नियमों के तहत निर्माण की मंजूरी उपरांत संबंधित इंजीनियर द्वारा पूर्णतः प्रमाण पत्र प्रदान किया जाता है तभी ऐसे भवनों का उपयोग कर सकते हैं, किन्तु इको पार्क मामले में पूर्णतः प्रमाण पत्र तो दूर निर्माण की मंजूरी भी नहीं ली गई। शिव सिंह ने बताया कि बड़ी पुल से एग्रीकल्चर कालेज सड़क मार्ग निर्माण जो करोड़ों रुपए की लागत से अभी हाल ही में कराया गया था। वह भी पूरी तरह से एक ही बारिश में जर्जर हो गया। सड़क के दोनों किनारे तथा रेलिंग पूरी तरह से धंस गए हैं।

स्वत्वाधिकारी मुद्रक प्रकाशक संदीप द्विवेदी द्वारा मीडिया प्रकाशन रीवा से मुद्रित कर मीडिया ऑडीटर कार्यालय प्रभात बिहार कॉलोनी सतना से प्रकाशित, संपादक संदीप द्विवेदी आर.एन.आई नं.एमपीएचआईएन/2021/81683
प्रधान कार्यालय रीवा (सिटी कार्यालय चक्रधर सिटी सेंटर रीवा) फोन. नं. 9407132714, 7974467831 Mediaauditor1@gmail.com पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार, सभी विवादो का न्याय क्षेत्र रीवा होगा।